**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 63 लखनऊ, बुधवार 16 अक्टूबर 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## बीजेपी को जल्द मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष, चुनाव पदाधिकारियों के नाम का पार्टी ने कर दिया ऐलान

एजेंसी।

नई दिल्ली यही कारण है कि भाजपा ने संगठन के चुनाव कराने के लिए अधिकारियों की घोषणा कर दी है। इसके लिए बकायदा भाजपा की ओर से प्रेस रिलीज जारी किया गया है। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के फैसले के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने डॉक्टर के लक्ष्मण को राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी की नियुक्त किया है। आज चुनाव आयोग ने झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान कर दिया है। दोनों ही राज्यों के नतीजे 23 नवंबर को आ जाएंगे। इन सब के बीच भाजपा में भी




संगठन चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। दरअसल, भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर संगठन का चुनाव कराने जा रही है। इसी के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष का भी चुनाव होगा। आपको बता दें कि वर्तमान में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल पहले ही पूरा हो गया है। वह मोदी सरकार में मंत्री भी है। भाजपा हमेशा एक व्यक्ति एक पद पर फोकस करती है। ऐसे में संगठन का चुनाव करना उसके लिए जरूरी हो गया है।यही कारण है कि भाजपा ने संगठन के चुनाव कराने के लिए अधिकारियों की घोषणा कर दी है। इसके लिए बकायदा भाजपा की ओर से प्रेस रिलीज जारी किया गया है। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के फैसले के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने डॉक्टर के लक्ष्मण को राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी की नियुक्त किया है। उनके साथ नरेश बंसल, रेखा वर्मा और संबित पात्रा राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी होंगे। इसे तत्काल लागू कर दिया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा को बहुत जल्द ही नया अध्यक्ष मिल सकता है। नए अध्यक्ष को लेकर कई नाम चर्चाओं में है।

## राजनाथ सिंह ने तेलंगाना में नौसेना रडार स्टेशन की रखी आधारशिला, कही ये बड़ी बात

एजेंसी।

नई दिल्ली राजनाथ ने कहा कि चाहे वह साधारण परिस्थिति हो या फिर असाधारण परिस्थिति, हर स्थिति में किसीभी कमांड सेंटर का उससे जुड़े हुए सभी लोगों के बीच सूचना के निर्बाध प्रवाह का होना बहुत जरूरी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जिले के दमगुडेम वन क्षेत्र में भारतीय नौसेना के बहुत कम आवृत्ति (वीएलएफ) रडार स्टेशन की आधारशिला रखी। उन्होंने इस दौरान कहा कि नौसेना के वीएलएफ स्टेशन में जब परिचालन शुरू हो जाएगा तो यह समुद्री बलों के लिए



महत्वपूर्ण होगा। यह देश में नौसेना का दूसरा वीएलएफ संचार ट्रांसमिशन स्टेशन है। तेलंगाना सरकार की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में आईएनएस कट्टाबोम्मन रडार स्टेशन अपनी तरह का पहला स्टेशन था।इस अवसर पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राजनाथ ने कहा कि मैं, इस वीएलएफ स्टेशन के निर्माण से जुड़े हुए सभी हितधारक को अपनी ओर से बधाई देता हूँ। इसके साथ ही मैं तेलंगाना सरकार का, विशेषकर तेलंगाना के मुख्यमंत्री, ए रेवंत रेड्डी जी का भी उनके विशेष योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि जब यह वीएलएफ स्टेशन अपने निर्माण के बाद कार्यात्मक हो जाएगा तो, यह हमारे समुद्री सेना के लिए अनेक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। मेरी नजर में, इस प्रकार के उच्च तकनीक बुनियादी ढांचा सिर्फ एक सैन्य प्रतिष्ठान ही नहीं होते, बल्कि इनका रणनीतिक भूमिका इन्हें राष्ट्रीय महत्व का दर्जा देता है।

## प्रदेश में जल परिवहन का कार्य तेजी से किया जा रहा-परिवहन विभाग

### प्रदेश के सभी संभागां के आरटीओ के जलयानों के पंजीकरण हेतु प्राधिकारी नामित किया गया

संवाददाता।

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश में जल परिवहन का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है, जिसके क्रम में उ0प्र0 अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 2023 दिनांक 08 दिसम्बर, 2023 को अधिसूचित किया जा चुका है। अन्तर्देशीय जलयानों के रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी के रूप में समस्त सम्भागों के सम्भागीय परिवहन अधिकारी को नामित किया गया है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के तकनीकी कार्योंध्दायित्वों के निष्पादन हेतु सर्वेयर तथा चीफ सर्वेयर की पूर्णकालिक तैनाती होने तक अग्रेतर निर्णय लेते हुए संस्थाओं के सर्वेयर को नामित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

## बरेली मण्डल के विभिन्न जनपदों के कुल 19 मार्गों के चालू कार्यों हेतु 23 करोड़ 48 लाख की अवशेष धनराशि की गयी अवमुक्त

लखनऊ। उ0प्र0 सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत बरेली मण्डल के विभिन्न जनपदों के कुल 19 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 23 करोड़ 48 लाख 53 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इन 19 चालू कार्यों में जनपद शाहजहांपुर के 18 तथा पीलीभीत के 01 कार्य सम्मिलित हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2025 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। शासनादेश में यह भी निर्देश दिये गये हैं कि कार्यों की वित्तीयध्भौतिक प्रगति का सक्षम स्तर पर सम्यक निरीक्षणध्सत्यापन कर प्रगति रिपोर्ट हर माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

## मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की

संवाददाता।

लखनऊ। खादी भवन के सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने मुख्यालय के अधिकारियों, परिक्षेत्रीय और जनपदीय अधिकारियों, मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्रों के प्राचार्यों तथा कंबल कारखानों के प्रभारियों के साथ विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की।

बैठक में मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग योजना के तहत आवंटित धनराशि का शीघ्र उपयोग करने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में द्वितीय ऋण हेतु प्रति जनपद दो आवेदन पत्र शीघ्र भेजने के निर्देश दिए गए।मंडल स्तर पर आयोजित होने वाली प्रदर्शनियों में सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के निर्देश परिक्षेत्रीय अधिकारियों को दिए गए। बैठक में माटीकला बोर्ड और खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। टूलकिट वितरण के लिए लाभार्थियों का चयन, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन, और विभागीय उत्पादन केंद्रों एवं कारखानों के लिए आवंटित धनराशि के त्वरित उपयोग हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

## अच्छे कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रोत्साहन भत्ता दिया जाये

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री डा0 संजय निषाद ने आज गोमतीनगर लखनऊ स्थित उ0प्र0 मत्स्य विकास निगम लि0 का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मत्स्य बीज में वृद्धि की जाए। मत्स्य उत्पादन में वृद्धि हेतु व्यवसायिक दृष्टिकोण अपनाये। इससे किसानां की आय में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रोत्साहन भत्ता दिया जाये। समितियों की विसंगतियों को दूर कराये। कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाये, उनके बकाये महगाई भत्ते का भुगतान समय से कराये जाये। केज कल्चर अपनाकर उत्पादन में वृद्धि की जाये। मत्स्य उत्पादन के लिए नवीन तकनीक अपनायी जाये। निगम में प्रचार प्रसार हेतु बजट आवंटित किये जाये। मत्स्य विकास मंत्री ने मत्स्य विकास निगम में कार्यरत कर्मचारियों से परिचय भी प्राप्त किया तथा विभिन्न पदों की जानकारी ली। निगम में रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ की जाए।

## झारखंड में कौन किसपर है भारी ? जानें क्या है राजनीतिक दलों की तैयारी

एजेंसी।

झारखंड हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में हरियाणा में अप्रत्याशित सफलता से उत्साहित भगवा पार्टी ने अपने लिए मानक ऊंचा कर लिया है और सौहार्दपूर्ण समाधान की संभावना को बाधित किए बिना, अधिक से अधिक सीटें हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा यहां अपनी पूरी ताकत लगा रही है। झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि किया झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार बरकरार रख पाएगी या फिर भाजपा को यहां मौका मिलने जा रहा है। राज्य में 81 सीटें हैं। झारखंड में दो चरणों में 13 नवंबर और 20 नवंबर को मतदान होगा। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में हरियाणा में अप्रत्याशित सफलता से उत्साहित भगवा पार्टी ने अपने लिए मानक ऊंचा कर लिया है और सौहार्दपूर्ण समाधान की संभावना को बाधित किए बिना, अधिक से अधिक सीटें हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा यहां अपनी पूरी ताकत लगा रही है। साथ ही साथ सहयोगियों को भी साथ लेकर चलने की कोशिश है। इससे पहले, भगवा पार्टी ने एनडीए के अन्य सहयोगियों के लिए केवल 12 सीटें छोड़ने की योजना बनाई थी, हालांकि, उसने समायोजन करने का फैसला किया है। नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जेडीयू 4 सीटों के लिए दबाव बना रही है, जबकि बीजेपी पार्टी के लिए 2 सीटें छोड़ना चाहती





है। दो सीटों पर असहमति है, जिसे दोनों पार्टियां जल्द ही सुलझा लेने की संभावना है। भगवा पार्टी को सबसे बड़ी चुनौती एजेएसयूपी से मिलने की संभावना है, जिसकी एक विशाल क्षेत्र में बड़ी उपस्थिति है, जिसमें ज्यादातर आदिवासी बहुल निर्वाचन क्षेत्र हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पार्टी ने 16 सीटों की मांग की है जबकि भगवा पार्टी 10–11 सीटें छोड़ने को तैयार है। पार्टी ने 2019 के विधानसभा चुनावों में 52 सीटों पर चुनाव लड़ा, हालांकि उसे केवल 2 सीटें मिलीं और सिर्फ 8.10: वोट मिले। झारखंड की 81 विधानसभा सीटों में से 28 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। एजेएसयूपी की कई सीटों पर मौजूदगी है और भगवा पार्टी अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी झामुमो का मुकाबला करने के लिए इस संगठन का इस्तेमाल कर सकती है।

## व्यापारियों का किसी भी प्रकार का गलत उत्पीड़न न हो

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि व्यापारियों का किसी भी प्रकार का गलत उत्पीड़न न हो। करदाता राष्ट्र निर्माण में सहयोग करता है। करदाता एवं व्यापारी को किसी भी प्रकार से गलत तरीके से परेशान नहीं किया जाना चाहिए। व्यापारियों को उनके कार्यों में सहूलियत देने में पूरे विभाग को सहयोग करना चाहिए। इससे विभाग की छवि अच्छी बनती है। विभाग की अच्छी छवि से सरकार की भी आम जनमानस में छवि अच्छी होती है। इसीलिए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विभाग के अधिकारी व्यापारियों के साथ एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाएं।वित्त मंत्री आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर अधिकारी सेवा संघ एवं उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर अधिकारी संघ के दो दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर संघ की पत्रिका ''समवेत'' का विमोचन भी किया गया।



उन्होंने जीएसटी कलेक्शन पर वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दो दिन के इस अधिवेशन में विभाग के अधिकारियों द्वारा सरकार के राजस्व बढ़ाने पर विचार–विमर्श किया जाय। उन्होंने कहा कि विभाग के सभी अधिकारी पूर्ण मनोयोग से सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करें। अच्छे कार्यों से पूरे विभाग की प्रशंसा होती है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने जिस दिन से मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है उसी दिन से प्रदेश में ''रूल ऑफ लॉ'' स्थापित करने की हर संभव कोशिश की है। उन्होंने हर तरीके से प्रयास किया है कि हर स्तर पर कानून सम्मत एवं मानक के अनुरूप कार्य हो। जीएसटी व्यवस्था आने के बाद एक बहुत ही अच्छी परंपरा केंद्र स्तर पर विकसित हुई है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में सभी राज्यों के माध्यम से विचार करके सहमति के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष दिव्येन्द्र शेखर गौतम और कपिल देव तिवारी द्वारा मांगपत्र सौंपा गया। मांगपत्र में सबसे ज्यादा फोकस कैडर प्रबंधन पर रहा। इसके अलावा समयबद्ध नियामानुसार स्थानान्तरण, ज्यादा संख्या में मीटिंग और स्टेटमेन्ट के संबंध में तथा लक्ष्य निर्धारण, संवर्ग नामकरण आदि से संबंधित मांगपत्र मंत्री जी के समक्ष संघ द्वारा प्रस्तुत किया गया। मंत्री जी ने कहा कि अधिकारियों के कैडर सहित अन्य उचित मांगों पर विचार किया जायेगा।

## उतर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष कल बाराबंकी में करेंगी महिला उत्पीड़न की शिकायतों एवं समस्याओं पर बैठक

लखनऊ । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव का कल दिनांक 16 अक्टूबर, 2024 को जनपद बाराबंकी का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आयोग की उपाध्यक्ष पूर्वान्ह 11:30 बजे से जनपद बाराबंकी के कलेक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों व अन्य जनपदीय अधिकारियों के साथ जनपद में महिला उत्पीड़न की शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में आयोजित बैठक में प्रतिभाग करेंगी।यह जानकारी उ0प्र0 राज्य महिला आयोग कि प्रशासनिक अधिकारी ने आज यहाँ दी। उन्होंने बताया कि बैठक के बाद उपाध्यक्ष माह अक्टूबर, 2024 के तृतीय बुधवार की महिला जनसुनवाई करेंगी। साथ ही अपराह्न 2:00 बजे से जिला जेलध्किशोरी सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण भी करेंगी।

## उ0प्र0 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के उप निर्वाचन-2024 हेतु कार्यक्रम नियत

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16–मीरापुर (जनपद–मुजफ्फरनगर), 29–कुन्दरकी (जनपद–मुरादाबाद), 56–गाजियाबाद जनपद–गाजियाबाद), 71–खैर (अ0जा0) (जनपद–अलीगढ़), 110–करहल(जनपद–मैनपुरी), 213–सीसामऊ (जनपद–कानपुरनगर), 256–फूलपुर (जनपद–प्रयागराज), 277–कटेहरी (जनपद–अम्बेडकर नगर) एवं 397–मझवां (जनपद–मिर्जापुर) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के उप निर्वाचन–2024 हेतु कार्यक्रम नियत किया गया है।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 चन्द्रशेखर ने बताया कि नियत कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की अधिसूचना 18 अक्टूबर, 2024 (शुक्रवार) को जारी की जायेगी। नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 25 अक्टूबर, 2024 (शुक्रवार) को, नाम निर्देशनों की जांच 28 अक्टूबर, 2024 (सोमवार) को, नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर, 2024 (बुधवार) को, मतदान 13 नवम्बर, 2024 (बुधवार) को तथा मतगणना 23 नवम्बर, 2024 (शनिवार) को की जायेगी।

25 नवम्बर, 2024 के पूर्व निर्वाचन सम्पन्न करा लिया जायेगा।उप निर्वाचन के संदर्भ में आदर्श आचार संहिता के सुसंगत उपबन्ध जनपद मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अलीगढ़, मैनपुरी, कानपुर नगर, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर एवं मिर्जापुर में आयोग के द्वारा दिये गये प्राविधानों के अनुसार लागू हो गये हैं।

## जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान - केशव प्रसाद मौर्य

### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को अपने कैम्प कार्यालय –7 कालीदास मार्ग पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक–एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार–बार



चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू–ब–रू होकर सुना। उप मुख्यमंत्री से आज भारी संख्या में जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने भी मुलाकात की। जनता दर्शन में लगभग 03 दर्जन जिलों से आये कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत अयोध्या, बागपत, कासगंज, हापुड़, लखीमपुर व मैनपुरी के जिलाधिकारी, सन्त कबीर नगर के मुख्य विकास अधिकारी, आगरा के पुलिस कमिश्नर आगरा, झांसी व आजमगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाय।

## मनरेगा-सामग्री मद में 1240.90 करोड़ धनराशि जिलों को की जा रही है अवमुक्त

संवाददाता।

लखनऊ। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ताध्एजेंसियों व कुशलध्अर्ध कुशल श्रमिकों के लिए त्योहारों से पहले एक अच्छी खबर है। इन लोगों के बकाये का जल्द ही भुगतान होगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर इस हेतु 1240.90 करोड़ की धनराशि स्टेट से जिलों को भेजी जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नियमानुसार इसका व्ययध्देयों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के साथ–साथ निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मों के हितों की रक्षा के लिए भी लगातार काम कर रही है। श्रमिकों की मजदूरी हो या निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता एजेंसी सभी भी योजनांतर्गत ससमय भुगतान किया जाए, यह सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।राज्य स्तर से जनपदों को धनराशि निर्गत करने की कार्यवाही भी शुरू की जा चुकी है। जल्द ही निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता एजेंसियों के बकाये का भुगतान किया जाएगा। यह धनराशि 15,16,17 एवं 18 अक्टूबर को जनपदों को अवमुक्त की जाएगी, जिसकी कार्यवाही शुरू भी जा चुकी है और दिनांक 15 अक्टूबर 2024 को करीब 15 जनपदों (निर्धारित रोस्टर के हिसाब से) के खातों में सामग्री मद हेतु धनराशि अवमुक्त की गई। प्रत्येक जनपद हेतु धनराशि के आहरण के लिए तिथि एवं समय का निर्धारण कर तालिका भी साझा की गई है। पत्र जारी कर बताया गया कि उक्त व्यवस्था में बिना किसी तकनीकी समस्या के निर्धारित समयावधि में जनपद तालिका के अनुसार निर्धारित धनराशि का आहरण कर सकेंगे। समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को धनराशि आहरण हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपलब्ध रहने के निर्देश दिये गये हैं। पत्र द्वारा यह भी बताया गया कि इस धनराशि से कुशल, अर्धकुशल एवं सामग्री मद का भुगतान किया जा सकता है।

# संपादकीय

## भारत के कई शहर साइबर अपराधियों का केंद्र

मैपिंग ग्लोबल जियोग्राफी ऑफ साइबर क्राइम विद द वर्ल्ड साइबर क्राइम इंडेक्सश शीर्षक से जारी शोध रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया कि कहां साइबर अपराध सबसे ज्यादा हो रहे हैं। इस सूची में 15 देशों के नाम हैं, जिसमें भारत दसवें स्थान पर आया है।वर्धमान ग्रुप के 82 वर्षीय चेयरमैन के साथ हुई घटना ने भारत में बढ़ते साइबर अपराध की ओर ध्यान खींचा है। चेयरमैन एसपी ओसवाल के साथ लगभग 6.9 करोड़ रुपये की ठगी हुई। ठगों ने उन्हें सुप्रीम कोर्ट की नकली ऑनलाइन सुनवाई में बुलाया और जेल भेजने की धमकी देकर उनसे यह रकम ट्रांसफर करवा ली। हालांकि हाल में डिजिटल और ऑनलाइन धोखाधड़ी के अनगिनत मामले सामने आए हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का नाटक कर ठगने की बात पहले कभी नहीं सुनी गई थी।ऑनलाइन कोर्ट सुनवाई में एक व्यक्ति प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ बन कर पेश हुआ। इसी दौरान उनसे कहा गया कि जांच के हिस्से के रूप में वे 6.9 करोड़ रुपये एक खाते में जमा करा दें। कुछ समय पहले भारत सरकार ने साइबर अपराधों के बारे में चेतावनी जारी की थी। गृह मंत्रालय ने कहा था कि संभव है ऐसी घटनाओं को सीमा पार स्थित आपराधिक गिरोह अंजाम दे रहे हों। एनसीआरबी के मुताबिक 2021 में भारत में साइबर अपराध के 52,974 मामले दर्ज हुए। 2022 में इनमें लगभग 24 फीसदी बढ़ोतरी हुई और कुल 65,893 मामले दर्ज हुए। ब्रिटेन की ऑक्सफॉर्ड यूनिवर्सिटी के समाजशास्त्र विभाग के शोधकर्ताओं ने इसी साल दुनिया का पहला साइबर क्राइम इंडेक्स जारी किया। उसमें भारत को खास जगह मिली। श्मैपिंग ग्लोबल जियोग्राफी ऑफ साइबर क्राइम विद द वर्ल्ड साइबर क्राइम इंडेक्सत्र शीर्षक से जारी शोध रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया कि कहां साइबर अपराध सबसे ज्यादा हो रहे हैं। इस सूची में 15 देशों के नाम हैं, जिसमें भारत दसवें स्थान पर आया है।हालांकि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साइबर अपराध की घटनाओं को विदेश से अंजाम दिए जाने का संदेह जताया है, लेकिन ऐसी मीडिया रिपोर्टें हैं, जिनके मुताबिक भारत के कई शहर साइबर अपराधियों का केंद्र बन गए हैं। छोटी–मोटी घटनाएं तो रोजमर्रा के स्तर पर हो रही हैं। असल मुद्दा यह है कि सरकार की साइबर अपराध निरोधक एजेंसियां इन्हें रोकने में कामयाब क्यों नहीं हुई हैं? अगर अपराध का जाल फैला रहेगा, तो कभी–कभार वैसी वारदात भी होना लाजिमी है, जिसके शिकार ओसवाल बने हैं।

## अगली सदी की गाथा और अर्थव्यवस्था पर प्रभुत्व के लिए भारत की कुंजी

पश्चिमी देशों ने नवाचार, बौद्धिक संपदा (आईपी) और तकनीकी प्रगति पर सदियों से अपना फोकस निरंतर बनाए रखने का लाभ उठाया है। अक्सर विनिर्माण और सेवा की तुलना में सृजन को महिमामंडित करके, इन देशों ने न केवल अपने आविष्कारों का आर्थिक लाभ प्राप्त किया है, बल्कि अपनी अवधारणाओं को वैश्विक स्तर पर निर्यात भी किया है। इन उपायों से वे आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हुए हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिका ने इंटरनेट, फार्मास्यूटिकल और एयरोस्पेस जैसी विघटनकारी तकनीकों के माध्यम से उद्योग जगत को बदल दिया। इसके परिणामस्वरूप, उनके उत्पादों और सेवाओं की वैश्विक मांग पैदा हुई। इसी तरह, यूरोपीय देशों ने इंफ्रास्ट्रक्चर (जैसे– रेलमार्गों के आर्थिक लाभ), ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग और लक्जरी सामान जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व किया है, जहां नवाचार और बौद्धिक संपदा (आईपी) उनके वैश्विक प्रभुत्व के मूल में हैं।इसके विपरीत, भारत और चीन जैसी अर्थव्यवस्थाओं ने ऐतिहासिक रूप से विनिर्माण और सेवाओं पर अपने विकास को टिकाया है। यह दोनों ही क्षेत्र मूल्य–संवर्धन के परिदृश्य में निचले स्थान पर हैं। यह दृष्टिकोण, औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी होने के बावजूद, नवाचार या आईपी सृजन को प्राथमिकता नहीं देता है। वास्तव में बौद्धिक संपदा आर्थिक लाभ उठाने योग्य है। यही कारण है कि ये देश उन्नत प्रौद्योगिकियों के निर्माता बनने के बजाय उपभोक्ता बन गए हैं।हालांकि, चीन ने हाल के वर्षों में इस मॉडल को तोड़ दिया है। इसने नवाचार, बौद्धिक संपदा और तकनीकी प्लेटफार्मों में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। देश ने दूरसंचार, सोशल मीडिया और गेमिंग जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों का विकास किया है। हुआवेई, टिकटोक और टेंसेंट जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियां इसके उदाहरण हैं। इन प्रयासों ने चीन की घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। इतना ही नहीं, इसे एक मजबूत वैश्विक निर्यातक के रूप में स्थापित किया है, और इसे दुनिया भर के अमूल्य डेटा तक पहुंच प्रदान की है। दूसरी ओर, भारत ने एक अलग तीव्र प्रगति का अनुसरण किया। उत्पादीकरण और प्रौद्योगिकी निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, भारत संपर्क केंद्रों, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) और आईटी सेवाओं का पर्याय बन गया। इस स्थिति ने भारत को ष्दुनिया का बैकरूमष का नाम दिया। यह एक ऐसी भूमिका है, जिसने आर्थिक रूप से लाभकारी होने के बावजूद, नवाचार और उच्च–मूल्य प्रौद्योगिकी निर्माण के मामले में देश को पिछड़ा बना दिया। जबकि भारत ने सेवाएं प्रदान करने में उत्कृष्टता हासिल की, इसने अक्सर अन्य देशों के नवाचार और उत्पाद विकास से जुड़े प्रयासों का नेतृत्व करने के बजाय उनका समर्थन किया।हालांकि, पिछले दशक में भारत के वैश्विक रुख में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया है। भारत एक भू–राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरा है और इसने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी ताकत दिखाई है। कूटनीतिक रूप से, भारत ने वैश्विक मंच पर एक अधिक मुखर स्थिति अपनाई है, अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपनी स्वायत्तता बनाए रखते हुए प्रमुख शक्तियों के साथ रणनीतिक साझेदारी भी कायम की है। भू–राजनीतिक क्षेत्र में, भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत किया है और क्वाड जैसी पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, ताकि भारत–प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव का मुकाबला किया जा सके। व्यापार के मोर्चे पर, भारत ने व्यापार सौदों पर फिर से बातचीत की है और इसे खासकर कोविड–19 महामारी के कारण वैश्विक व्यवधानों के मद्देनजर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एक महत्वपूर्ण हस्ती के रूप में देखा जा रहा है।यह नई मुखरता इस बात को निहित करती है कि भारत का ष्क्रिएट इन इंडियाष पर वर्तमान ध्यान समयोचित और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्यों है। नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने और स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास का समर्थन करके, भारत आर्थिक रूप से और सॉफ्ट पावर के मामले में, अगली सदी पर प्रभुत्व कायम करने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। आर्थिक रूप से, सृजन पर ध्यान केंद्रित करने से भारत मूल्य श्रृंखला में ऊपर उठ सकेगा, अपनी बौद्धिक संपदा पर अधिक लाभ अर्जित कर सकेगा और विदेशी प्रौद्योगिकियों पर अपनी निर्भरता कम कर सकेगा। सॉफ्ट पावर के मामले में, मीडिया और मनोरंजन जैसे क्षेत्रों में अग्रणी होने से भारत को विकृत पश्चिमी कथानकों पर लगातार प्रतिक्रिया करने के बजाय अपने खुद के कथानकों को आकार देने की सुविधा मिलेगी।जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आह्वान किया, ष्आइए हम सब मिलकर श्क्रिएट इन इंडियात्र यानी श्भारत में सृजन करेंश आंदोलन शुरू करें।ष ऐसे में हर कोई इसके दूसरे और तीसरे क्रम के प्रभावों, खासकर कथानक–सुधार और हमारे सभ्यतागत विचारों को वैश्विक स्तर पर निर्यात करने पर पडने वाले प्रभाव को नहीं समझ पाया। ईस्टमैन कलर और विनाइल रिकॉर्ड की प्रौद्योगिकियों ने अमेरिका को अपने नायकों और रॉकस्टार को आगे बढ़ाने में मदद की।

# कांग्रेस की गलत नीतियों का परिणाम है देश में आतंकवाद



कांग्रेस के केंद्र और राज्यों में शासन के दौरान ही तीनों तरह का आतंक पनपा है। इसमें चंबल में डकैतों का काफी हद तक सफाया हो गया। जम्मू–कश्मीर में पाक परस्त और देश के कुछ राज्यों में नक्सली आतंक अब तेजी सीमिट रहा है।सुरक्षा बलों ने 4 अक्टूबर को नारायणपुर दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर 31 नक्सलियों को मार गिराया। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 24 साल बाद से किसी एक अभियान में माओवादियों आतंकियों की यह सर्वाधिक मौतों की संख्या है। इस घटना ने देश में आतंकवाद के घाव फिर से हरे कर दिए। देश में हर तरह की आतंकी वारदातें कांग्रेस के केंद्र और राज्यों में सत्ता में रहने के दौरान शुरु हुई। कांग्रेस की गलत नीतियों से ऐसी रक्तरंजित घटनाओं का परिणाम अभी तक देश भुगत रहा है। आतंकवाद चाहे जम्मू–कश्मीर का हो, नक्सलियों का, पूर्वोत्तर में या फिर पंजाब में खालिस्तान का रहा हो, देश ने कांग्रेस की गलतियों की भारी कीमत चुकाई है। इसी तरह दशकों तक तीन राज्यों में व्याप्त रहा चंबल की बीहड़ों में डकैतों के अपराधों का काला इतिहास भी कांग्रेस के शासन के दौरान लिखा गया। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि कांग्रेस ने इन गलतियों से सबक नहीं लिया। आतंकवाद चाहे जम्मू–कश्मीर में हो या फिर नक्सलियों का हो कांग्रेस ने कभी भी केंद्र की मोदी सरकार की तरह सख्ती नहीं दिखाई। इसके विपरीत कांग्रेस का रवैया वोट बैंक की राजनीति के कारण आतंक समर्थकों के प्रति सहानुभूति का रहा है। लापरवाही और उपेक्षापूर्ण नीतियों के साथ ही राजनीतिक फायदे के लिए की गई आतंकवाद की अवहेलना की कीमत कांग्रेस ने भी चुकाई है। 25 मई 2013 को, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के नक्सली विद्रोहियों ने छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में दरभा घाटी के झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं के काफिले पर हमला किया। इस हमले में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्या चरण शुक्ला, पूर्व राज्य मंत्री महेंद्र कर्मा और छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रमुख नंद कुमार पटेल की मौत हो गई। कांग्रेस के केंद्र और राज्यों में शासन के दौरान ही तीनों तरह का आतंक पनपा है। इसमें चंबल में डकैतों का काफी हद तक सफाया हो गया। जम्मू–कश्मीर में पाक परस्त और देश के कुछ राज्यों में नक्सली आतंक अब तेजी सीमिट रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार दोनों तरह के आतंकियों पर काफी हद तक लगाम लगाने में कामयाब रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि 2026 नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। शाह ने कहा कि 30 साल के बाद पहली बार वामपंथी उग्रवाद से मरने वाले लोगों की संख्या 100 से कम रही है। हिंसा की घटनाओं में करीब 53 फीसद की कमी आई है। नक्सली हिंसा से प्रभावित जिलों की संख्या 96 की जगह 42 जिले तक सीमित रह गई हैं। इन 42 जिलों में से 21 जिले नए बने हैं। इनमें से करीब 16 जिले ही नक्सल हिंसा से प्रभावित हैं। देश की सुरक्षा से संबंधित कांग्रेस की गलत नीतियों का परिणाम सिर्फ देश की आम अवाम को नहीं बल्कि केंद्र की भाजपा सरकार को भी भुगतना पड़ रहा है। केंद्र सरकार को आतंकियों से निपटने के लिए न सिर्फ करोड़ों रुपए बहाने पड़ रह हैं, बल्कि पुलिस और सुरक्षा बलों को काफी मानवीय क्षति उठानी पड़ी है। नक्सल आतंकवाद का उदय पश्चिमी बंगाल से कांग्रेस शासन के दौरान ही हुआ था। यह फैलते हुए देश के करीब आठ राज्यों में तक पहुंच गया। इनमें से ज्यादातर राज्यों और केंद्र में कांग्रेस की सरकार रही। कांग्रेस की तत्कालीन सरकारें नक्सलियों की रोकथाम करने में विफल रही। केंद्र और राज्य मिलकर काम नहीं कर सके। नक्सली देश के लिए नासूर बन गए। मौजूदा केंद्र की भाजपा गठबंधन सरकार ने खून–खराबा करने वाले नक्सलियों को जड़ से उखाडने की ठान ली है। नक्सली प्रभावित राज्यों की तरह जम्मू–कश्मीर भी आतंकवाद की आग में अभी तक सुलग रहा है। इस अशांत केंद्रशासित प्रदेश में आजादी के बाद से ही नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस का शासन रहा है। केंद्र की कांग्रेस और जम्मू–कश्मीर की सरकार आतंकियों को सबक सिखाने में पूरी तरह नाकाम रही। पाकिस्तान की शय पर जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद ने सिर उठाया। नेशनल कांफ्रेंस, कांग्रेस और दूसरी क्षेत्रीय दल आतंकियों के प्रति नरम रवैया रखते रहे। आतंकियों के समर्थन में पत्थरबाजी की घटनाओं ने सुरक्षा बलों नुकसान पहुंचाया। धारा 370 और 35 ए के कारण विशेष दर्जा प्राप्त इस प्रदेश में यह कानून आंतकियों की ढाल बनता रहा है। आतंकी वारदातों के बावजूद कांग्रेस ने कभी भी इस कानून को खत्म करने का प्रयास नहीं किया। इसके विपरीत मुस्लिम वोटों के कारण कांग्रेस कभी भी भाजपा जैसी सख्ती नहीं दिखा पाई। नौबत यह आ गई कि पाकपरस्त आतंकी संगठनों ने केंद्र में कांग्रेस के शासन के दौरान देश में बम–धमाके करके कानून–व्यवस्था को छिन्न–भिन्न कर दिया। केंद्र की कांग्रेस सरकार की नाकामी और ढुलमुल सुरक्षा नीति के कारण देश की सुरक्षा व्यवस्था लगभग चौपट हो गई। पाकपरस्त आतंकियों के हौसले इतने बढ़ गए कि 13 दिसंबर, 2001 को दिल्ली के संसद भवन पर हुए आतंकी हमले में नौ लोगों की मौत हो गई। इसी तरह 26 नवंबर, 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमलों में कम से कम 174 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें 20 सुरक्षा बल कर्मी और 26 विदेशी नागरिक शामिल थे। डेढ़ दशक पहले तक आतंकियों ने कहर बरपा रखा था। कांग्रेस केंद्र और ज्यादतर राज्यों में सत्ता में रहने के बावजूद आतंकियों का खात्मा नहीं कर सकी। देश में आतंक का यह हाल था कि 2006 में देश के 608 जिलों में से कम से कम 232 जिले विभिन्न तीव्रता स्तर के विभिन्न विद्रोही और आतंकवादी गतिविधियों से त्रस्त थे। अगस्त 2008 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एम.के. नारायणन का कहना था कि देश में 800 से अधिक आतंकवादी गुट सक्रिय हैं। 1980 के दशक में पंजाब में उग्रवाद ने जोर पकड़ लिया। केंद्र की कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण लंबे अर्से तक पंजाब आतंकवाद की आग में धधकता रहा। इसकी प्रतिक्रिया स्वरूप न सिर्फ हजारों निर्दोष लोग मारे गए बल्कि प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए इंदिरा गांधी को जान से हाथ धोना पड़ा। पंजाब में दर्जनों कांग्रेस के नेताओं को भी अपनी जान गंवा कर खालिस्तानी आतंकवाद की कीमत चुकानी पड़ी। पंजाब की तरह पूर्वोत्तर को संभालने में केंद्र की कांग्रेस सरकार विफल रही। इन राज्यों की समस्याओं का समाधान कांग्रेस नहीं कर सकी। दशकों तक पूर्वोत्तर क्षेत्रीय आतंकियों की मार झेलता रहा। नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड, इसाक मुइवा ने एक स्वतंत्र नगालैंड की मांग करते हुए क्षेत्र में भारतीय सेना के ठिकानों पर कई हमले किए। सरकारी अधिकारियों के अनुसार 1992 से 2000 के बीच 599 नागरिकों, 235 सुरक्षाबलों और 862 आतंकवादियों ने अपनी जान गंवाई। आतंकियों की इन करतूतों से साबित है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार हालात पर नियंत्रण नहीं पा सकी। भाजपा ने केंद्र में दस पहले सत्ता संभालते ही देश के किसी भी हिस्से में मौजूद आतंकवाद के खात्मे को प्राथमिकता पर रखा। केंद्र की आंतरिक सुरक्षा

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार, सख्त कार्रवाई की दरकार

बांग्लादेश की आबादी में 7.95 फीसदी–सवा करोड़ से ज्यादा हिंदू शामिल हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिंदुओं के खिलाफ जो कुचक्र रचे गये, उसी तरह की साजिश बांग्लादेश में सिर उठा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो महीने में बांग्लादेश के 52 जिलों में हिंदू समुदाय पर हमले की 200 से ज्यादा घटनाएं हुई। बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों एवं हिन्दुओं पर हो रहे हमलें, मशहूर जेशोश्वरी मंदिर में मुकुट का चोरी होना, हिन्दू अल्पसंख्यकों से जबरन इस्तीफा के लिये दबाव बनाने की घटनाएं, दुर्गा पूजा के पंडाल पर हमले चिन्ता के बड़े कारण हैं, यह हिन्दू अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की साजिश एवं षडयंत्र है, जिस पर भारत सरकार को गंभीर होने के साथ इन पर नियंत्रण की ठोस कार्रवाई की अपेक्षा है। बीते अगस्त में शुरू हुई राजनीतिक उथल–पुथल के बीच शेख हसीना का प्रधानमंत्री पद से हटना और भारत आने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों को असामाजिक तत्वों व कट्टरपंथियों द्वारा हवा दिया जाना शर्मनाक एवं विडम्बनापूर्ण है। नई दिल्ली में बांग्लादेश के हिन्दू–अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रश्न को लेकर बार–बार चिंता तो व्यक्त की जा रही है, लेकिन करारा एवं सख्त संदेश देने की कोई कोशिश होती हुई नहीं दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा सरकार के शासन में यदि ऐसी घटनाओं पर सख्ती नहीं बरती गयी तो



फिर कब बरती जायेगी? यह विडंबना ही है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता व कार्यवाहक रूप में सरकार के मुखिया का दायित्व निभा रहे मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में हिन्दुओं एवं हिंदू पहचान के प्रतीकों को निशाना बनाया जाना बदस्तूर रहना किसी अन्तर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हो सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में विजयदशमी पर्व पर आयोजित रैली को सम्बोधित करते हुए हिन्दुओं पर हो रहे इन हमलों को लेकर बड़ा संदेश दिया है, अपेक्षा है सरकार भी जैसे को तैसे वाली स्थिति में आकर हिन्दुओं की रक्षा की सार्थक एवं प्रभावी पहल करें। बांग्लादेश की आबादी में 7.95 फीसदी–सवा करोड़ से ज्यादा हिंदू शामिल हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिंदुओं के खिलाफ जो कुचक्र रचे गये, उसी तरह की साजिश बांग्लादेश में सिर उठा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो महीने में बांग्लादेश के 52 जिलों में हिंदू समुदाय पर हमले की 200 से ज्यादा घटनाएं हुई। आज बांग्लादेश सांप्रदायिकता एवं कट्टरता की आग में झुलस रहा है। सांप्रदायिकता और धार्मिक कट्टरता लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। दोराहे पर खड़े बांग्लादेश में यह खतरा बढ़ता जा रहा है। खतरे की गंभीरता को देखते हुए वहां अंतरिम सरकार ने हिंदू मंदिरों, गिरजाघरों या अल्पसंख्यकों के किसी भी धार्मिक संस्थान पर हमलों की जानकारी देने के लिए हॉटलाइन शुरू की थी, लेकिन कितनी ही शिकायतें मिलने के बावजूद उन पर कार्रवाई का न होना, इनको लेकर मोहम्मद यूनुस सरकार का चुप्पी साधे रखना इस

# कांग्रेस कमाल की पार्टी रोने बिसूरने में लगी

अजीत द्विवेदी

कांग्रेस कमाल की पार्टी हो गई है। चुनाव हारते ही वह इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम और चुनाव आयोग को कोसना शुरू कर देती है। हालांकि ऐसा नहीं है कि ईवीएम को लेकर सवाल नहीं हैं या चुनाव आयोग की भूमिका पक्षपातपूर्ण नहीं है। चुनाव आयोग की तटस्थता और निष्पक्षता तो काफी पहले तिरोहित हो चुकी है। लेकिन हर बार कांग्रेस के चुनाव हारने का कारण यही नहीं होता है। कांग्रेस हर बार अलग अलग कारणों से हारती है, जिनमें से कुछ कांग्रेस की अपनी राजनीति से जुड़े होते हैं तो कुछ देश की राजनीति और समाज व्यवस्था में आ रहे बदलावों से जुड़े होते हैं।

तभी हरियाणा में कांग्रेस की हार के कारणों को ज्यादा गहराई से समझने की जरुरत है। इसे लेकर कांग्रेस और उसका इकोसिस्टम जो नैरेटिव बना रहा है उसका कोई मजबूत आधार नहीं है। वह सिर्फ पार्टी नेतृत्व को जिम्मेदारी से बचाने, अपनी गलतियों पर परदा डालने और अपने समर्थकों की आंख में धूल झोंकने का एक प्रयास है। साथ ही यह इस बात का भी संकेत है कि कांग्रेस देश की सामाजिक व राजनीतिक व्यवस्था में हुए व्यापक परिवर्तनों की बारीकी को समझ नहीं पाई है या समझ कर भी कबूतर की तरह आंख बंद कर रही है ताकि खतरा नहीं दिखाई दे।

सबसे पहले ईवीएम की ही बात करें तो क्या कांग्रेस यह कहना चाह रही है कि ईवीएम में इस तरह की छेड़छाड़ की गई कि कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़े और उसकी सीटें भी बढ़े लेकिन वह चुनाव हार जाए? ध्यान रहे कांग्रेस को पिछले चुनाव में 28 फीसदी वोट मिले थे, जो इस बार बढ़ कर 39 फीसदी से ज्यादा हो गया है। यानी उसके वोट प्रतिशत में 11 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। इसके मुकाबले भारतीय जनता पार्टी का वोट तीन फीसदी बढ़ा है। पिछले चुनाव में भी उसका वोट तीन ही फीसदी बढ़ा था।

कांग्रेस 10 सीटें बागी होकर चुनाव लड़े निर्दलीय उम्मीदवारों के कारण हारी है। तीन सीटों पर इंडियन नेशनल लोकदल और एक सीट पर बसपा को मिले वोट की वजह से कांग्रेस हारी है और पांच सीटों पर आम आदमी पार्टी को मिले वोट के कारण हारी है। एक सीट पर तो कांग्रेस सिर्फ 32 वोट से हारी, जहां आम आदमी पार्टी को ढाई हजार वोट आया। तो क्या कांग्रेस यह कहना चाह रही है कि यह सब बहुत गहरी साजिश का हिस्सा है? इतनी बारीकी से एक एक सीट पर एक एक ईवीएम को इस तरह से मैनेज किया गया कि कांग्रेस का वोट भी बढ़े, निर्दलियों के भी वोट बढ़ें, आम आदमी पार्टी को भी वोट आए और कांग्रेस की हार ऐसी है, जो कम से कम तकनीकी रूप से विश्वसनीय दिखे?

पता नहीं क्यों कांग्रेस नतीजे के राजनीतिक पहलू को नहीं देखना चाह रही है। राजनीतिक हकीकत यह है कि भाजपा ने माइक्रो प्रबंधन के तहत बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवारों को खड़ा कराया और उनको चुनाव लडने में मदद की। ऐसी कोई रणनीति कांग्रेस नहीं बना सकी। इतने दो ध्रुवीय चुनाव में निर्दलीय व अन्य को 12 फीसदी के करीब वोट मिले हैं। दूसरे, यह संयोग कहें या प्रयोग लेकिन हरियाणा में कांग्रेस के जाट और दलित वोट समीकरण में सेंध लगाने वाले दो गठबंधन बने और दोनों ने चुनाव लड़ा। एक इनेलो और बसपा का तो दूसरा जजपा और आजाद समाज पार्टी का। इन दोनों गठबंधनों को साझा तौर पर सात फीसदी वोट मिले। तीसरे, कांग्रेस की एक रणनीतिक गलती यह रही कि उसने लोकसभा की तरह आम आदमी पार्टी के साथ तालमेल नहीं किया। लोकसभा में कांग्रेस ने 10 में से एक सीट उसके लिए छोड़ी थी। आप उम्मीदवार उस सीट पर हार गए थे लेकिन विपक्षी गठबंधन श्इंडियात्र के एकजुट होकर लडने का मैसेज बना था, जिसका फायदा कांग्रेस को यह हुआ कि वह पांच सीट जीत गई। ध्यान रहे विधानसभा में आप को 1.80 फीसदी वोट मिले हैं।

चौथी बात यह है कि कांग्रेस इस मुगालते में रही कि भाजपा की डबल इंजन सरकार के खिलाफ 10 साल की एंटी इन्कम्बैंसी है। लोग उससे उबे हुए हैं और भाजपा ने खुद ही मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटा कर मान लिया है कि उसने हरियाणा में अच्छा काम नहीं किया है। लेकिन हकीकत यह है कि हरियाणा में या देश के ज्यादातर राज्यों में भाजपा की सरकारों के खिलाफ एंटी इन्कम्बैंसी जैसी कोई चीज नहीं होती है। कितने भी बरस सरकार चलाने के बाद भी भाजपा अपने वोट नहीं गंवा रही है। जिन राज्यों में वह हारी है वहां भी शायद ही कहीं ऐसा है कि उसके वोट कम हुए हैं। उसका आधार वोट उसके साथ जुड़ा हुआ है क्योंकि हिंदुत्व की अंतधारा अब स्थायी हो गई है।

सांप्रदायिकता की राजनीति समाज में बहुत गहरे जड़ जमा चुकी है और भाजपा के मौजूदा नेतृत्व की तरफ से पिछले 10 साल से चलाए जा रहे अभियान की परिणति यह हुई है कि भारतीय समाज की संरचना या विचारधारात्मक अंतर्वस्तु में गुणात्मक बदलाव आया है। बहुसंख्यक हिंदू अब मुसलमान को स्थायी तौर पर अपने लिए खतरनाक मानने लगा है। श्अब्दुल को टाइटत्र करने की धारणा बहुत गहरे तक जड़ जमा चुकी है। पहले आमतौर पर सांप्रदायिक दंगों आदि के बाद इस तरह की धारणा बनती थी। लेकिन अब समाज में स्थायी खदबदाहट है। इस वजह से भाजपा का आधार वोट उसके साथ ज्यादा मजबूती से जुड़ा है और हर चुनाव में इसमें कुछ बढ़ोतरी हो रही है। हरियाणा में भी लगातार तीन चुनावों में यह प्रवृत्ति दिखी है।

पांचवें, कांग्रेस ने भाजपा की तरह अपने सामाजिक समीकरण पर ध्यान नहीं दिया। मुख्यमंत्री पद से मनोहर लाल खट्टर को हटा कर भाजपा ने नायब सिंह सैनी के जरिए अन्य पिछड़ी जाति का जो समीकरण साधा उसकी कांग्रेस ने अनदेखी कर दी। इसके उलट वह एंटी इन्कम्बैंसी और जवान, किसान व पहलवान के नाराज होने की धारणा को हवा देती रही। दूसरी ओर हरियाणा के संभवतरू पहले ओबीसी मुख्यमंत्री ने 36 फीसदी वोट को एकजुट कर दिया। खट्टर के चेहरे पर यह नहीं हो सकता था। भाजपा को पता था कि खट्टर को हटाने पर भी पंजाबी भाजपा के साथ रहेगा लेकिन सैनी संपूर्ण ओबीसी वोट जोड़ देंगे। उनके साथ भाजपा ने ब्राह्मण प्रदेश अध्यक्ष और पंजाबी, गुर्जर और यादव केंद्रीय मंत्री बनाया।

उसने जान बूझकर हरियाणा से कोई जाट केंद्रीय मंत्री नहीं बनाया। इसका मकसद गैर जाट वोटों को एक मैसेज देना था। छठा, कांग्रेस ने इस सामान्य राजनीतिक सिद्धांत पर ध्यान नहीं दिया कि जब सबसे मजबूत जाति एकजुट होती है तो उसकी प्रतिक्रिया में सामान्य रूप से अन्य जातियों की गोलबंदी होती है।

## आज का राशिफल

मेष राशि–

आज आपको धन का लाभ मिलेगा। कोई विशेष कार्य जो बहुत दिनों से अटका हुआ पड़ा था वो पूरे होंगें। आज समाज में आपके मान–सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

मिथुन राशि–

आज आपका दिन अति उत्तम बना रहेगा। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते हैं। आज कार्यस्थल के कामों में उलझनें आएंगी, लेकिन समस्याओं से निजात पाने का रास्ता भी ढूंढ लेंगे।

कर्क राशि–

आज आपको जो अच्छा लगता है, उस काम में समय बीताएं। इससे आपको शांति और ऊर्जा मिलेगा। संतान की ओर से सुख की प्राप्ति होगी।

सिंह राशि–

आज आपको किसी काम में अपार सफलता मिलेगी। वहीं छात्रों को आज जॉब के अच्छे ऑफर मिल सकते हैं। वहीं सिंह राशि के जातक आज अपने खर्चों पर कंट्रोल करें वरना आर्थिक नुकसान हो सकता है।

कन्या राशि–

आज का दिन आपकी काफी अच्छा रहेगा। बिजनेस में आपको कई बड़ी डील मिल सकती है जिससे धन का अपार लाभ हो सकता है। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे

तुला राशि–

आज इस राशि के जातक अपने गुस्से पर कंट्रोल रखें अन्यथा कोई बड़ा नुकसान हो सकता है। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा

वृश्चिक राशि–

आज दोस्तों के साथ दिन शानदार बीतेगा। आज पिछले कुछ समय से चल रही कड़ी मेहनत के आज उचित परिणाम मिलने वाले हैं। आपको अपनी छवि और अधिक बेहतर बनाने का मौका भी मिलेगा। आज कोई भी बड़ा फैसला ना ले।

धनु राशि

आज इस राशि के जातकों को धन का लाभ मिलेगा। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।

मकर राशि–

अपने कामों से संबंधित जानकारी बढ़ाएंगे, इससे जल्द ही आपको कुछ उपलब्धियां हासिल होगी। अगर जमीन से संबंधित कोई लेन–देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच–पड़ताल जरूर कर लें। वरना नुकसान हो सकता है।

कुंभ राशि–

आज आपको मेहनत के उचित परिणाम मिलने से प्रसन्नता रहेगी और मनोबल भी बढ़ेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए भी आज का दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा।

मीन राशि–

जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। दोनों के बीच में सामांजस्य बना रहेगा। लवमेट के लिए आज रिश्तों में मिठास भरने का दिन है। आज आपकी मुलाकात किसी मित्र से हो सकती है।

# आयोवा स्कूल के प्रिंसिपल की मौत, 10 दिन पहले कैंपस में हुई गोलीबारी में हो गए थे घायल

डैन मारबर्गर 1995 से पेरी हाई स्कूल में प्रिंसिपल थे, 4 जनवरी को गंभीर रूप से घायल हो गए क्योंकि उन्होंने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को स्कूल से बाहर निकलने में मदद की, जब एक 17 वर्षीय छात्र ने गोलीबारी की। महीने की शुरुआत में परिसर में गोलीबारी के दौरान घायल हुए आयोवा के एक छोटे शहर के स्कूल के प्रिंसिपल की रविवार को मृत्यु हो गई। डैन मारबर्गर 1995 से पेरी हाई स्कूल में प्रिंसिपल थे, 4 जनवरी को गंभीर रूप से घायल हो गए क्योंकि उन्होंने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को स्कूल से बाहर निकलने में मदद की, जब एक 17 वर्षीय छात्र ने गोलीबारी की, जिसमें छठी कक्षा के एक छात्र की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। 10 दिनों के बाद, वह अपनी लड़ाई हार गया और इस त्रासदी ने उसकी जान ले ली। शूटिंग के बाद उसके परिवार को चिकित्सा लागत में मदद करने के लिए बनाए गए ळवथ्नदकडम पेज पर लिखा है। सभी मार्बर्गर परिवार और संपूर्ण पेरी समुदाय हमेशा निस्वार्थता से प्रभावित रहेंगे। अधिकारियों ने कहा कि संदिग्ध, हाई स्कूल का छात्र था, जिसे अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से खुद को मारी गई बंदूक की गोली से मृत



पाया था। 2024 में जिले की कक्षाओं के पहले दिन आयोवा में हुई गोलीबारी, अमेरिकी स्कूलों में बंदूक हिंसा की एक राष्ट्रीय महामारी का हिस्सा है जो हाल के वर्षों में बदतर हो गई है। पेरी लगभग 7,900 की आबादी वाला एक शहर, राज्य की राजधानी डेस मोइनेस से लगभग 40 मील (64 किमी) उत्तर–पश्चिम में है। शहर के मध्य और उच्च विद्यालय एक ही परिसर साझा करते हैं।

# उपराष्ट्रपति बनने में कोई दिलचस्पी नहीं, मेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने किया साफ

दक्षिण कैरोलिना के पूर्व गवर्नर ने सीबीएस न्यूज साक्षात्कार में कहा कि मुझे उपराष्ट्रपति बनने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं राष्ट्रपति बनने के लिए दौड़ रहा हूं, और मैं जीतने के लिए दौड़ रहा हूं, और हम जीतेंगे।पार्टी की राष्ट्रपति पद की दौड़ में अकेली महिला भारतीय–अमेरिकी वरिष्ठ रिपब्लिकन पार्टी नेता निक्की हेली ने कहा है कि उन्हें उपराष्ट्रपति बनने में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह अमेरिका की अगली राष्ट्रपति बनने की दौड़ में हैं और जीतने की कोशिश कर रही हैं। हेली की टिप्पणी सोमवार को आयोवा कॉकस से पहले आई, जो औपचारिक रूप से उस लंबी प्रक्रिया की शुरुआत है जिसके द्वारा रिपब्लिकन और डेमोक्रेट 5 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों का चयन करते हैं। इस सवाल का जवाब देते हुए कि कुछ मतदाताओं के यह कहने पर उन्हें कैसा महसूस हुआ कि वे उन्हें राष्ट्रपति के बजाय उपराष्ट्रपति के रूप में पसंद करेंगे। संयुक्त राष्ट्र में 51 वर्षीय पूर्व अमेरिकी राजदूत ने कहा कि मैं एक सेकंड के लिए भी नहीं खेलती। मैंने कभी एक सेकंड के लिए भी नहीं खेला। मैं अभी शुरू नहीं करने जा रहा हूं।दक्षिण कैरोलिना के पूर्व गवर्नर ने सीबीएस न्यूज साक्षात्कार में कहा कि मुझे उपराष्ट्रपति बनने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं राष्ट्रपति बनने के लिए दौड़ रहा हूं, और मैं जीतने के लिए दौड़ रहा हूं, और हम जीतेंगे। आयोवा कॉकस के साथ नवंबर 2024 के राष्ट्रपति चुनावों के लिए उम्मीदवार चुनने की रिपब्लिकन प्रतियोगिता सोमवार से शुरू



होने के साथ, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, जो पार्टी के उम्मीदवारों में सबसे आगे हैं, ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी हेली पर अच्छी खासी बढ़त बना रखी है। नवीनतम डेस मोइनेस रजिस्टरध्एनबीसी न्यूजध मीडियाकॉम आयोवा पोल के अनुसार, संभावित रिपब्लिकन कॉकस–गोअर में से 48 प्रतिशत ने राष्ट्रपति के लिए 77 वर्षीय ट्रम्प को अपनी पहली पसंद के रूप में चुना है – दिसंबर में ऐसा ही कहने वाले 51 प्रतिशत की तुलना में मामूली गिरावट है। हेली को 20 प्रतिशत का समर्थन प्राप्त है, यानी चार प्रतिशत की वृद्धि, जबकि फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस 16 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गये हैं। दौड़ में शामिल एक अन्य भारतीय–अमेरिकी विवेक रामास्वे, हालांकि अभी भी दौड़ में हैं, अब पिछड़ गए हैं और विशेषज्ञों को सोमवार से शुरू होने वाले प्राथमिक सत्र के दौरान 38 वर्षीय बायोटेक उद्यमी के लिए ज्यादा उम्मीद नहीं दिख रही है।

# अमेरिका में भारतीयों ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का मनाया जश्न, निकाली कार रैलियां

विश्व हिंदू परिषद के अमेरिकी चौप्टर के संयुक्त महासचिव तेजा ए शाह ने एएनआई के हवाले से कहा, उत्साह स्पष्ट है, न्यू जर्सी के मंदिरों के सदस्य पीढ़ी में एक बार होने वाले इस आयोजन का इंतजार कर रहे हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से पहले हिंदू अमेरिकी समुदाय ने पूरे अमेरिका में कई कार रैलियां आयोजित की हैं। राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम नजदीक आने के साथ भारत भर में भगवान राम भक्त 22 जनवरी को होने वाले अयोध्या में राम मूर्ति के बहुप्रतीक्षित अभिषेक का जश्न मना रहे हैं। अब, संयुक्त राज्य अमेरिका में भगवान राम भक्तों ने न्यू जर्सी राज्य में एक कार रैली का आयोजन किया है और आयोजन समिति ने कहा कि पश्चिमी देश में ऐसी और रैलियों की योजना है। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, रैली में हिंदू समुदाय के लोगों ने भगवान राम की छवि वाले झंडे लिए हुए थे, जिसमें कम से कम 350 कारें शामिल थीं। विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी), अमेरिकी शाखा, ने पूरे अमेरिका के हिंदुओं के साथ मिलकर 10 राज्यों में 40 से अधिक बिलबोर्ड लगाए हैं। इस बीच, वीएचपी ने राम मंदिर उद्घाटन के उपलक्ष्य में अमेरिका के मैरीलैंड में टेस्ला म्यूजिकल लाइट शो का भी आयोजन किया है। न्यू जर्सी में हिंदू समुदाय खुशी से भरा हुआ है। पूरे न्यूयॉर्क में बिलबोर्ड और 21वीं रात को होने वाले भव्य उत्सव का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। विश्व हिंदू परिषद के अमेरिकी चौप्टर के संयुक्त महासचिव तेजा ए शाह ने एएनआई के हवाले से कहा, उत्साह स्पष्ट है, न्यू जर्सी के मंदिरों के सदस्य पीढ़ी में एक बार होने वाले इस आयोजन का इंतजार कर रहे हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से पहले हिंदू अमेरिकी समुदाय ने पूरे अमेरिका में कई कार रैलियां आयोजित की हैं।




# पहले रामास्वामी पर तेज हुए ट्रंप की ओर से हमले, अब शीर्ष सलाहकार ने साधा निशाना






आयोवा कॉकस सोमवार से शुरू हो रहा है। ये औपचारिक रूप से उस लंबी प्रक्रिया की शुरुआत करता है जिसके द्वारा रिपब्लिकन और डेमोक्रेट 5 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों का चयन करते हैं। डोनाल्ड ट्रम्प के शीर्ष सलाहकार ने विवेक रामास्वामी को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के संभावित साथी के रूप में खारिज कर दिया है। रिपब्लिकन नेता ने आयोवा कॉकस से पहले भारतीय–अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की सार्वजनिक रूप से आलोचना की थी। आयोवा कॉकस सोमवार से शुरू हो रहा है। ये औपचारिक रूप से उस लंबी प्रक्रिया की शुरुआत करता है जिसके द्वारा रिपब्लिकन और डेमोक्रेट 5 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों का चयन करते हैं। ट्रम्प के शीर्ष सलाहकार जेसन मिलर ने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया कि मतदाता 38 वर्षीय बायोटेक उद्यमी रामास्वामी को पूर्व राष्ट्रपति के साथी के रूप में संभवतः खारिज कर सकते हैं। रिपोर्ट में मिलर के हवाले से कहा गया कि यह कहना बिल्कुल सुरक्षित है कि यह विवेक नहीं होगा। रिपब्लिकन नामांकन की दौड़ में उनके साथ सबसे करीबी रूप से जुड़े रामास्वामी पर ट्रम्प ने भी हमला बोला था और उन पर धोखाधड़ी अभियान चलाने का आरोप लगाया था। अमेरिका के 5 पूर्वर राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी की दौड़ में पहली बार अपने प्रतिद्वंद्वी विवेक रामास्वामी की आलोचना की। ट्रंप ने कहा कि रामास्वामी नोमिनेशन हासिल करने के लिए हथकंडे अपना रहे हैं। इनसे धोखा न खाएं। ट्रंप को वोट करें। पूर्व राष्ट्रपति की आलोचना रामास्वामी के अभियान द्वारा बांटी जा रही शर्टों से उपजी है जिन पर लिखा है श्ट्रम्प को बचाएं, विवेक को वोट देंश। रामास्वामी ने शनिवार को आयोवा के रॉक रैपिड्स में अपने कार्यक्रम के बाद युवाओं के एक समूह के साथ एक तस्वीर पोस्ट की, जिसने पूर्व राष्ट्रपति का ध्यान आकर्षित किया।

# पृथ्वी मौसमों वाला एकमात्र ग्रह नहीं है, लेकिन वह अन्य दुनिया में बेहद अलग दिख सकते हैं

पृथ्वी के विपरीत, केप्लर–186एफ अपने सौर मंडल के अन्य ग्रहों से बहुत दूर स्थित है। परिणामस्वरूप, इन अन्य ग्रहों का इसकी कक्षा और गति पर बहुत कम प्रभाव पड़ता है। तो, केप्लर–186एफ में आम तौर पर पृथ्वी के समान एक निश्चित तिरछापन होता है। यहां तक घ्कि बड़े चंद्रमा के बिना भी, इसमें मंगल की तरह बेतहाशा बदलते या अप्रत्याशित मौसम नहीं होते हैं। आगे देखते हुए, एक्सोप्लैनेट पर अधिक शोध से वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिलेगी कि ब्रह्मांड में ग्रहों की विशाल विविधता में मौसम कैसा दिखता है।वसंत, गर्मी, पतझड़ और सर्दी – पृथ्वी पर मौसम में हर कुछ महीनों में, हर साल लगभग एक ही समय पर बदलाव होता है। पृथ्वी पर इस चक्र को हल्के में लेना आसान है, लेकिन हर ग्रह पर ऋतुओं में नियमित बदलाव नहीं होता है। तो पृथ्वी पर नियमित ऋतुएँ क्यों होती हैं जबकि अन्य ग्रहों पर नहीं? मैं एक खगोलभौतिकीविद् हूं जो ग्रहों की गति और ऋतुओं के कारणों का अध्ययन करता है। अपने पूरे शोध के दौरान, मैंने पाया है कि पृथ्वी पर ऋतुओं का नियमित पैटर्न अद्वितीय है। उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों के साथ पृथ्वी जिस घूर्णन अक्ष पर घूमती है, वह सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की कक्षा के लंबवत ऊध्र्वाधर अक्ष के साथ एकदम संरेखित नहीं है। उस मामूली झुकाव का ऋतुओं से लेकर ग्लेशियर चक्रों तक हर चीज पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। उस झुकाव का परिमाण यह भी निर्धारित कर सकता है कि कोई ग्रह जीवन के लिए रहने योग्य है या नहीं। पृथ्वी पर ऋतुएँ जब कोई ग्रह जिस अक्ष पर वह परिक्रमा करता है और घूर्णन अक्ष के बीच सही संरेखण होता है, तो उसे प्राप्त सूर्य के प्रकाश की मात्रा सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करते समय तय हो जाती है – यह मानते हुए कि



उसकी कक्षीय आकृति एक चक्र है। चूँकि ऋतुएँ ग्रह की सतह तक पहुँचने वाली सूर्य की रोशनी की मात्रा में भिन्नता से आती हैं, एक ग्रह जो पूरी तरह से संरेखित है, वहाँ ऋतुएँ नहीं होंगी। लेकिन पृथ्वी अपनी धुरी पर पूरी तरह से संरेखित नहीं है। यह छोटा सा गलत संरेखण, जिसे तिरछापन कहा जाता है, पृथ्वी के लिए ऊर्ध्वाधर से लगभग 23 डिग्री है। इसलिए, गर्मियों के दौरान उत्तरी गोलार्ध में अधिक तीव्र धूप का अनुभव होता है, जब सूर्य उत्तरी गोलार्ध के ऊपर अधिक सीधे स्थित होता है। फिर, जैसे–जैसे पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती रहती है, उत्तरी गोलार्ध को प्राप्त होने वाली सूर्य की रोशनी की मात्रा धीरे–धीरे कम हो जाती है क्योंकि उत्तरी गोलार्ध सूर्य से दूर झुक जाता है। इससे सर्दी होती है। अपनी धुरी पर घूमते और सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करने वाले ग्रह घूमते हुए शीर्ष की तरह दिखते हैं – वे सूर्य के गुरुत्वाकर्षण खिंचाव के कारण घूमते और डगमगाते हैं। जैसे ही एक शीर्ष घूमता है, आप देख सकते हैं कि यह बिल्कुल सीधा और स्थिर नहीं रहता है। इसके बजाय, यह थोड़ा झुकना या डगमगाना शुरू कर सकता है। इस झुकाव को खगोलभौतिकीविद् स्पिन प्रीसेशन कहते हैं। इन डगमगाहटों के कारण, पृथ्वी का तिरछापन पूरी तरह से स्थिर नहीं है। झुकाव में ये छोटे बदलाव पृथ्वी की कक्षा के आकार में छोटे बदलावों के साथ मिलकर पृथ्वी की जलवायु पर बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं। डगमगाता झुकाव और पृथ्वी की कक्षा के आकार में कोई भी प्राकृतिक भिन्नता पृथ्वी तक पहुँचने वाले सूर्य के प्रकाश की मात्रा और वितरण को बदल सकती है। ये छोटे परिवर्तन हजारों से सैकड़ों हजारों वर्षों में ग्रह के बड़े तापमान परिवर्तन में योगदान करते हैं। यह, बदले में, हिमयुग और गर्मी की अवधि को बढ़ा सकता है। तिरछेपन का ऋतुओं पर असर तो यह जरा सा तिरछापन किसी ग्रह पर ऋतुओं को कैसे प्रभावित करता है? कम तिरछापन, जिसका अर्थ है कि घूर्णी घुमाव अक्ष ग्रह के अभिविन्यास के साथ संरेखित है क्योंकि यह सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करता है, जिससे भूमध्य रेखा पर तेज धूप और ध्रुव के पास कम धूप होती है, जैसे पृथ्वी पर। दूसरी ओर, ज्यादा तिरछापन – जिसका अर्थ है कि ग्रह की घूर्णी घुमाव धुरी सूर्य की ओर या उससे दूर इंगित करती है – अत्यधिक गर्म या ठंडे ध्रुवों की ओर ले जाती है। इसी समय, भूमध्य रेखा ठंडी हो जाती है, क्योंकि पूरे वर्ष सूर्य भूमध्य रेखा के ऊपर नहीं चमकता है। इससे उच्च अक्षांशों पर और भूमध्य रेखा पर कम तापमान पर मौसम में काफी बदलाव होता है। जब किसी ग्रह का तिरछापन 54 डिग्री से अधिक होता है, तो उस ग्रह की भूमध्य रेखा बर्फीली हो जाती है और ध्रुव गर्म हो जाता है। इसे रिवर्स जोनेशन कहा जाता है, और यह पृथ्वी के विपरीत है। मूल रूप से, यदि किसी तिरछेपन में बड़ी और अप्रत्याशित विविधताएँ हैं, तो ग्रह पर मौसमी विविधताएँ अप्रत्याशित हो जाती है और उनकी भविष्यवाणी करना कठिन हो जात है। क नाटकीय, बड़ा तिरछापन परिवर्तन पूरे ग्रह को एक स्नोबॉल में बदल सकता है, जहां यह सब बर्फ से ढका हुआ होगा। घूमती कक्षा प्रतिध्वनि अधिकांश ग्रह अपने सौर मंडल में एकमात्र ग्रह नहीं हैं। उनके सहोदर ग्रह एक–दूसरे की कक्षा में गड़बड़ी पैदा कर सकते हैं, जिससे उनकी कक्षाओं के आकार और उनके कक्षीय झुकाव में भिन्नता हो सकती है। मंगल ग्रह पृथ्वी की तुलना में अपनी धुरी पर अधिक डगमगाता है, भले ही दोनों एक ही मात्रा में झुके हुए हों, और इसका वास्तव में पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमा करने वाले चंद्रमा से संबंध है। पृथ्वी और मंगल में एक समान घुमाव आवृत्ति है, जो कक्षीय दोलन से मेल खाती है। लेकिन पृथ्वी के पास एक विशाल चंद्रमा है, जो पृथ्वी को स्पिन धुरी पर खींचता है और इसे तेजी से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। यह थोड़ा तेज पूर्वगमन इसे घुमाव कक्षा प्रतिध्वनि का अनुभव करने से रोकता है। तो, चंद्रमा पृथ्वी के तिरछेपन को स्थिर कर देता है, और पृथ्वी अपनी धुरी पर मंगल की तरह नहीं डगमगाती है। सौर मंडल से बाहर के ग्रह पिछले कुछ दशकों में हजारों एक्सोप्लैनेट, या हमारे सौर मंडल के बाहर के ग्रह खोजे गए हैं। मेरा शोध समूह यह समझना चाहता था कि ये ग्रह कितने रहने योग्य हैं, और क्या इन एक्सोप्लैनेट में कुछ अप्रत्याशित तिरछापन भी है, या क्या उनके पास पृथ्वी की तरह उन्हें स्थिर करने के लिए चंद्रमा हैं। इसकी जांच करने के लिए, मेरे समूह ने एक्सोप्लैनेट की स्पिन–अक्ष विविधताओं पर पहली जांच का नेतृत्व किया है। हमने केप्लर–186एफ की जांच की, जो रहने योग्य क्षेत्र में खोजा गया पृथ्वी के आकार का पहला ग्रह है।

# ताइवान स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करता अमेरिका... चीन के दबाव का दिखा असर, बाइडेन ने लिया यू टर्न

चुनावों पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर बाइडेन ने कहा कि हम स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करते। संयुक्त राज्य अमेरिका ने 1979 में राजनयिक मान्यता ताइपे से बीजिंग में बदल दी और लंबे समय से कहा है कि वह ताइवान द्वारा स्वतंत्रता की औपचारिक घोषणा का समर्थन नहीं करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ताइवान राष्ट्रपति चुनाव में चीन विरोधी नेता की जीत के बाद चौंकाने वाला बयान दिया है। ताइवान के मतदाताओं द्वारा चीन को जवाब देने और सत्तारूढ़ दल को तीसरा राष्ट्रपति कार्यकाल देने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करता है। इससे पहले दिन में ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार लाई चिंग–ते सत्ता में आए। उन्होंने चीनी दबाव को दृढ़ता से खारिज कर दिया और बीजिंग के सामने खड़े होने और बातचीत करने का वचन दिया। चुनावों पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर बाइडेन ने कहा कि हम स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करते। संयुक्त राज्य अमेरिका ने 1979 में राजनयिक मान्यता ताइपे से बीजिंग में बदल दी और लंबे समय से कहा है कि वह ताइवान द्वारा स्वतंत्रता की औपचारिक घोषणा का समर्थन नहीं करता है। हालाँकि, यह स्व–शासित द्वीप के साथ अनौपचारिक संबंधा बनाए रखता है और इसका सबसे महत्वपूर्ण समर्थक और हथियार आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। बीजिंग, जिसने ताइवान को





अपने नियंत्रण में लाने के लिए बल का प्रयोग कभी नहीं छोड़ा है। उसे डर है कि लाई ताइवान गणराज्य की स्थापना की घोषणा कर सकते हैं, जो लाई ने कहा है कि वह ऐसा नहीं करेंगे। बाइडेन ने पहले चीनी सरकार को उन टिप्पणियों से परेशान कर दिया था, जिनसे प्रतीत होता था कि यदि द्वीप पर हमला किया गया तो संयुक्त राज्य अमेरिका उसकी रक्षा करेगा, जो ष्रणनीतिक अस्पष्टताष की लंबे समय से चली आ रही अमेरिकी स्थिति से विचलन है। उनकी टिप्पणियाँ बीजिंग को आश्वस्त करने का एक प्रयास प्रतीत होती हैं।

# ट्रंप को बताया महान राष्ट्रपति, अपनी आलोचना पर बोले– बयान उनके सलाहकारों का एक दुर्भाग्यपूर्ण कदम

डोनाल्ड ट्रंप 21वीं सदी के सबसे महान राष्ट्रपति थे और मैं इस हमले के जावब में उनकी आलोचना नहीं करने जा रहा हूं। मैं यहां 390 से अधिक आयोजनों में आयोवा के हजारों लोगों से मिल चुका हूं और वे बहुत चिंतित हैं। अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। हर कोई अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए जोर शोर से प्रचार अभियान में लगे हैं। भारतवंशी नेता ने कहा कि वो ट्रंप की आलोचना नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं ट्रंप के खिलाफ नहीं हूं। उनका बयान उनके सलाहकारों का एक दुर्भाग्यपूर्ण कदम है। वो एक महान राष्ट्रपति रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप 21वीं सदी के सबसे महान राष्ट्रपति थे और



मैं इस हमले के जावब में उनकी आलोचना नहीं करने जा रहा हूं। मैं यहां 390 से अधिक आयोजनों में आयोवा के हजारों लोगों से मिल चुका हूं और वे बहुत चिंतित हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी की दौड़ में पहली बार अपने प्रतिद्वंद्वी विवेक रामास्वामी की सार्वजनिक तौर पर आलोचना की है। इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी हासिल करने के लिए ट्रंप को रामास्वामी कड़ी टक्कर दे रहे हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि भारतीय अमेरिकी उद्यमी नामांकन हासिल करने के लिए कपटपूर्ण अभियान के हथकंडे अपना रहे हैं। रामास्वामी ने आयोवा के रॉक रैपिड्स में अपने कार्यक्रम के बाद

युवाओं के एक समूह के साथ एक तस्वीर पोस्ट की, जिसने पूर्व राष्ट्रपति का ध्यान आकर्षित किया। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, बहुत धूर्त, लेकिन विवेक के लिए वोट दूसरे पक्ष के लिए वोट है – इससे धोखा मत खाइए। ट्रंप के लिए वोट करें, अपना वोट बर्बाद न करें। विवेक अमेरिका को 'फिर से महान बनाओ' अभियान के साथ नहीं हैं।

# सुरक्षा घेरा तोड़ने वाले फैन के साथ विराट कोहली ने किया कुछ ऐसा, लोगों ने दिया रिएक्शन



विराट कोहली एक समय बाउंड्री लाइन पर फील्डिंग कर रहे थे और तब उनसे मिलने के लिए एक फैन स्टेडियम का सिक्योरिटी घेरा तोड़कर पहुंच गया। विराट के इस फैन ने उनके पैर छुए और गले भी लगा लिया। भारत और अफगानिस्तान के बीच दूसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में टीम इंडिया ने 6 विकेट से बेहतरीन जीत दर्ज की। अफगानिस्तान की पारी के दौरान विराट कोहली एक समय बाउंड्री लाइन पर फील्डिंग कर रहे थे और तब उनसे मिलने के लिए एक फैन स्टेडियम का सिक्योरिटी घेरा तोड़कर पहुंच गया। विराट के इस फैन ने उनके पैर छुए और गले भी लगा लिया। इतनी देर में सिक्योरिटी से एक शख्स ने खींचकर उसे उठाया और मैदान से बाहर ले गया। वहीं इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में आप देखेंगे कि, फैन ने सुरक्षा घेरा तोड़ा और फिर विराट के पास पहुंचा। जैसे ही फैन विराट के पास पहुंचा तो उसने भारतीय बल्लेबाज के पैर छुए। विराट भी फैन से बेहद शालीनता से पेश आए। वहीं मैच की बात करें तो कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर अफगानिस्तान को एक बार फिर पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में 172 रन बनाए। भारत की ओर से अक्षर पटेल ने चार ओवर में महज 173 रन बना डाले। कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर बिना खाता खोले ही आउट हो गए। लंबे समय बाद टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने उतरे विराट कोहली ने 16 गेंदों पर 29 रनों की पारी खेली और इस दौरान उन्होंने कुल पांच चौके लगाए। विराट जितनी देर भी मैदान पर थे, काफी ज्यादा पॉजिटिव खेलते नजर आए। विराट कोहली आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद से टी20 इंटरनेशनल फॉर्मेट से बाहर थे। विराट के अलावा रोहित शर्मा ने भी इस सीरीज के साथ ही टी20 इंटरनेशनल में वापसी की है।

# टेस्ट सीरीज पहले इंग्लैंड टीम कर रही अबू धाबी में प्रैक्टिस, जानें क्यों ?



भारत में पांच मैचों की सीरीज के लिए अबू धाबी पहुंची है। इंग्लैंड टीम अबू धाबी की विश्व स्तरीय सुविधाओं में 9 दिनों तक अभ्यास करेगी। 25 जनवरी को पहले टेस्ट से ठीक तीन दिन पहले बेन स्टोक्स की टीम हैदराबाद पहुंचेगी। इंग्लैंड टीम भारत में पांच मैचों की सीरीज के लिए अबू धाबी पहुंची है। जहां टीम इंडिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लिश टीम प्रैक्टिस कर रही है। ये बेहद शानदार है लेकिन सवाल ये उठता है कि बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड टीम अबू धाबी में क्यों प्रैक्टिस कर रहे है? इंग्लैंड टीम अबू धाबी की विश्व स्तरीय सुविधाओं में 9 दिनों तक अभ्यास करेगी। 25 जनवरी को पहले टेस्ट से ठीक तीन दिन पहले बेन स्टोक्स की टीम हैदराबाद पहुंचेगी। ब्रेंडन मैकुलम के टेस्ट टीम के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड टीम अभी तक कोई भी टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। फिर चाहे वो घर में हो या बाहर, चार में जीत और तीन ड्रॉ खेले हैं। इसी समय सीमा में उनका समग्र टेस्ट जीत–हार का रिकॉर्ड 14 जीत और 6 हार का है। वास्तव में अबू धाबी क्रिकेट और स्पोर्ट्स हब को कई अंतर्राष्ट्रीय और विशिष्ट टीमों के लिए पसंदीदा स्थल बन गया है। ऐसा क्यों हुआ कि इंग्लैंड को भारत की बजाय अबू धाबी में अभ्यास करना पड़ रहा। दरअसल, म्ब्ठ ने अबू ध् ाबी क्रिकेट के साथ एक एमओयू साइन किया है, जिसके चलते इंग्लैंड वहां प्रैक्टिस कर रही है। ये खेल कॉप्लेक्स 25,000 वर्ग मीटर में फैला है, जिसमें 1. 8 अरब रुपये का जायद स्टेडियम भी शामिल है। जिसमें क्रिकेट के लिए बेहतर सुविधा मौजूद हैं। चार मैदानों में 65 पिचें और 22 विपरीत आउटडोर टर्फ नेट हैं, जहां इंग्लैंड सैद्धांतिक रूप से, अगले दो महीनों में भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए हर तरीके की पिच पर तैयारी कर सकता है। इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर और अब कोच ग्रीम स्वान ने कहा कि सुविधाएं बेहद अच्छी हैं। दुनिया ने उस हिस्से में, अनुरोध पर वे आपको वह दे सकते हैं जो आप चाहते हैं। हालांकि, पिछली बार जब इंग्लैंड ने भारत का दौरा किया था तब वे 3–1 से हारे थे। उन्होंने पहला टेस्ट जीता लेकिन फिर अगले तीन टेस्ट में बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा था। दरअसल, 2012–13 में अपनी प्रसिद्ध 2–1 की जीत के बाद से इंग्लैंड ने भारत में नौ में से केवल एक टेस्ट जीता है, सात हारे हैं और एक ड्रॉ खेला है।

# स्पिन के खिलाफ कई तरह के शाट खेलना मेरे लिए ईश्वर का उपहार



संवाददाता । शिवम दुबे ने जिओ सिनेमा से कहा,''मुझे खुशी है कि मेरे खेल में निरंतर सुधार हो रहा है। मैं जितने तरह के शॉट खेल लेता हूं वह मेरे लिए ईश्वर का उपहार है और मैंने भी इन पर काफी काम किया है। मैंने अपने खेल के कई क्षेत्र में सुधार किया है और मैं अच्छे रन भी बना रहा हूं।'' इंदौर। लंबे छक्के जड़ने में माहिर भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने सोमवार को कहा कि स्पिनरों के खिलाफ कई तरह के शॉट खेलना उनके लिए ईश्वर का उपहार है लेकिन तेज और उछाल लेती गेंदों का अच्छी तरह से सामना करने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी होगी। दुबे स्पिनरों के सामने खुलकर खेलते हैं और यही वजह है कि पहले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अफगानिस्तान के अच्छे स्पिन आक्रमण की उनके सामने एक नहीं चली। दुबे ने जिओ सिनेमा से कहा,''मुझे खुशी है कि मेरे खेल में निरंतर सुधार हो रहा है। मैं जितने तरह के शॉट खेल लेता हूं वह मेरे लिए ईश्वर का उपहार है और मैंने भी इन पर काफी काम किया है। मैंने अपने खेल के कई क्षेत्र में सुधार किया है और मैं अच्छे रन भी बना रहा हूं।'' दुबे ने रविवार को दूसरे टी20 मैच में 32 गेंद पर नाबाद 63 रन बनाकर भारत की 6 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा,''अतीत में मैं भविष्य के बारे में काफी सोचता था लेकिन अब मुझे एहसास हुआ कि मुझे वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। मुझे इस पर ध्यान देना चाहिए कि मैं अपने कौशल में कैसे निखार लाऊं। यह मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण है।'' दुबे को अच्छी गति से की गई शॉर्ट पिच गेंद को खेलने में परेशानी होती है लेकिन उन्होंने कहा कि वह इस क्षेत्र पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा,''मैंने इस पर काफी काम किया है। जब मैं घरेलू क्रिकेट में खेलता था तो सभी तरह के गेंदबाजों पर दबदबा बनाए रखता था लेकिन आईपीएल और भारत की तरफ से खेलना आसान नहीं है क्योंकि गेंदबाज 140 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं।

# कौन हैं रनों का पहाड़ खड़ा करने वाले प्रखर चतुर्वेदी ?



प्रखर चतुर्वेदी ने कूच बिहार ट्रॉफी में एक ही मैच में रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। प्रखर ने मुंबई के खिलाफ फाइनल मुकाबले में बल्लेबाजी करते हुए 400 रन ठोके। टूर्नामेंट के फाइनल में ये आंकड़ा छूने वाले प्रखर एकलौते बल्लेबाज बन गए हैं। कर्नाटक के बल्लेबाज प्रखर चतुर्वेदी ने कूच बिहार ट्रॉफी में एक ही मैच में रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। प्रखर ने मुंबई के खिलाफ फाइनल मुकाबले में बल्लेबाजी करते हुए 400 रन ठोके। टूर्नामेंट के फाइनल में ये आंकड़ा छूने वाले प्रखर एकलौते बल्लेबाज बन गए हैं। दरअसल, कर्नाटक और मुंबई के बीच फाइनल मैच में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 380 रन बनाए। जिसके जवाब में कर्नाटक के इस खिलाड़ी को मुंबई के गेंदबाज आउट करने में असफल रहे। सलामी बल्लेबाज प्रखर चतुर्वेदी आखिर तक क्रीज पर टिके रहे और 46 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 404 रनों की नाबाद पारी खेली। प्रखर ने इस बीच 638 गेंदों का सामना भी किया। जिसके बाद प्रखर की इस बेहतरीन पारी के अपनी पहली पारी में ही 223 ओवरों में 890 रनों का स्कोर हासिल कर लिया। इस बीच हर्षिल धमानी ने भी 228 गेंदों में 169 रनों की शतकीय पारी खेली। कर्नाटक ने पारी घोषित कर दी। जिसके चलते पहली पारी लीड के साथ मैच ड्रॉ हो गया। इस शानदार पारी की बदौलत प्रखर ब्रायन लारा का टेस्ट क्रिकेट में 400 रन का आंकडा तोड़ने वाले एकमात्र खिलाडी हैं।

# सचिन तेंदुलकर भी हुए डीपफेक वीडियो का शिकार, लोगों से की ये अपील



सचिन तेंदुलकर इस समय काफी दुखी हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। जो वास्तव में एक डीपफेक वीडियो है। पहले सचिन की बेटी सारा तेंदुलकर भी इसका शिकार बनी थी। मास्टर ब्लास्टर डीप फेक का शिकार हो गे हैं जिसके बाद उन्होंने इससे सबको सतर्क रहने को कहा है। भारत में क्रिकेट का भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर इस समय काफी दुखी हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। जो वास्तव में एक डीपफेक वीडियो है। पहले सचिन की बेटी सारा तेंदुलकर भी इसका शिकार बनी थी। मास्टर ब्लास्टर डीप फेक का शिकार हो गे हैं जिसके बाद उन्होंने इससे सबको सतर्क रहने को कहा है। सचिन ने उस वीडियो को अपने आधि ाकारिक अकाउंट से शेयर करते हुए बताया कि वायरल हो रहा ये वीडियो फेक है। बता दें कि, पिछले कुछ महीनों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाए जा रहे सेलिब्रिटी के फेक वीडियो काफी ज्यादा सामने आए हैं। इससे बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंधाना भी इसकी लपेटे में आई थीं। इन दिनों सचिन तेंदुलकर का एख वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह एक ऐप का प्रमोशन करते नजर आ रहे हैं। सचिन तेंदुलकर की आवाज को डब करके ᅵᅡ की मदद से वीडियो बनाया गया है। भारतीय दिग्गज ने अपने वीडियो के सामने आने के बाद इसे लोगों के साथ शेयर किया और सबको सतर्क रहने को कहा। उन्होंने लिखा, ᅢये वीडियो फेक है, किस तरह से लोग तकनीक का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। मैं हर किसी से आग्रह करता हूं कि इस वीडियो, ऐप और प्रचार को ज्यादा से ज्यादा संख्या में रिपोर्ट कीजिए। सारा तेंदुलकर भी हुईं डीपफेक का शिकार गौरतलब है कि, भारतीय टीम के बल्लेबाज शुबमन गिल के साथ सारा की तस्वीर सामने आई थी। इसे भी बनाया गया था और फिर वायरल किया गया था। जो तस्वीर सामने आई थी उसमें सारा और शुबमन साथ दिखाई दे रहे थे जबकि वो तस्वीर फेक थी।

# बीसीसीआई ने भारतीय टीम सेलेक्टर पद के लिए मांगे आवेदन, जानें पूरी डिटेल




बीसीसीआई ने पुरुष टीम की चयन समिति में शामिल होने के लिए एक सेलेक्टर के लिए आवेदन मांगे हैं। हालांकि, बोर्ड की वेबसाइट पर जारी इस प्रेस रिलीज से ये साफ नहीं हो सका है कि वर्तमान पांच सदस्यीय चयन समिति से कौन चयनकर्ता बाहर जाएगा।भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीसीआई ने पुरुष टीम की चयन समिति में शामिल होने के लिए एक सेलेक्टर के लिए आवेदन मांगे हैं। हालांकि, बोर्ड की वेबसाइट पर जारी इस प्रेस रिलीज से ये साफ नहीं हो सका है कि वर्तमान पांच सदस्यीय चयन समिति से कौन चयनकर्ता बाहर जाएगा। लेकिन खबरों में सलिल अंकोला का नाम सामने आ रहा है। दरअसल, ये पश्चिम क्षेत्र से दो चयनकर्ताओं को रखने से बचने की बोर्ड की इच्छा के अनुरू है। नोटिस में उल्लिखित पात्रता मानदंड की मांग है कि आवेदकों का क्रिकेट बैकग्राउंड होना चाहिए, उन्होंने कम से कम सात टेस्ट मैच, 30 फर्स्ट क्लास या 10 वनडे और 20 फर्स्ट क्लास मैच खेले हों। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवारों को कम से कम पांच साल पहले रिटायर होना चाहिए, इस शर्त के साथ कि पांच साल की संचयी अवदि के लिए

# वजन कम करने के लिए रोजाना पीते हैं नींबू पानी तो छोड़ दें ये आदत, फिर ये दिक्कत हो जाएगी शुरू



नींबू में भरपूर मात्रा विटामिन सी होता है इसलिए ज्यादातर लोग नींबू पानी पीते हैं. लेकिन कई रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया गया है कि ज्यादा नींबू पानी पीने से सीने में जलन हो सकती है. क्योंकि इसमें पेप्सिन नाम का एंजाइम होता है जो प्रोटीन को तोडने का काम करता है. यह पेप्सिन एंजाइम अल्सर के लिए ठीक नहीं होता है. नींबू पानी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है. गर्मी के मौसम में गर्मी से राहत पाने के लिए लोग नींबू पानी का खूब पीते हैं. इससे शरीर हाइड्रेटेड रहता है. इससे वजन भी कंट्रोल में रहता है और पाचन संबंधी समस्याओं को भी ठीक करने में मदद मिलती है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि नींबू पानी पीने से आपको नुकसान भी हो सकता है? अगर आप वजन घटाने के लिए अंधाधुंध नींबू पानी पी रहे हैं तो आपको इसके साइड इफेक्ट्स भी जान लेने चाहिए.

नींबू पानी पीने से शरीर पर होते हैं यह साइडइफेक्ट्स

नींबू पानी ज्यादा पीने से सीने में जलन हो सकती है क्योंकि यह प्रोटीन को तोडने वाले एंजाइम पेप्सिन को एक्टिव करता है. वहीं इसके अधिक सेवन से पेप्टिक अल्सर की स्थिति और भी खतरनाक हो सकती है. नींबू पानी पीने से भी डिहाइड्रेशन हो सकता है. जब आप नींबू पानी पीते हैं तो यह यूरिन के जरिए शरीर को डिटॉक्स करता है. इस प्रक्रिया में कई इलेक्ट्रोलाइट्स और सोडियम जैसे तत्व पेशाब के जरिए बाहर निकल जाते हैं और आपको डिहाइड्रेशन की समस्या का सामना करना पड़ सकता है. नींबू पानी के अधिक सेवन से भी पोटेशियम की कमी हो सकती है.

विटामिन सी की अत्यधिक मात्रा रक्त में आयरन के स्तर को बढ़ा सकती है और यह खतरनाक साबित हो सकता है. आपके आंतरिक अंग क्षतिग्रस्त हो सकते हैं.

नींबू में साइट्रिक एसिड होता है, इसके अलावा इसमें ऑक्सालेट भी पर्याप्त मात्रा में होता है. अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से यह शरीर में क्रिस्टल के रूप में जमा होने लगता है, जिससे किडनी में पथरी होने का खतरा बढ़ सकता है.ज्यादा नींबू पानी पीने से हड्डियां कमजोर हो सकती हैं. नींबू में एसिडिटी होती है, जिसके कारण हड्डियों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है.नींबू पानी के अधिक सेवन से एसिडिटी की समस्या हो सकती है. नींबू में उच्च मात्रा में एसिड होता है. इसके सेवन से शरीर में एसिड की मात्रा बढ़ सकती है. अगर आपको टॉन्सिल की समस्या है तो नींबू पानी का सेवन न करें क्योंकि ऐसा करना हानिकारक हो सकता है. रिसर्च के मुताबिक अगर नींबू पानी का सेवन अधिक मात्रा में किया जाए तो इससे गले में खराश हो सकती है.

# सिल्क साड़ियों में इन अभिनेत्रियों ने बिखेरा जलवा, आप भी ले सकती हैं फैशन टिप्स



साड़ियों में अगर सिल्क साड़ी की बात की जाए, तो यह कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होती है। बॉलीवुड की हसीनाओं ने इस साल बड़े इवेंट्स में भी सिल्क की साड़ी पहनकर जलवा दिखाया। ऐसे में आप भी इनके कलेक्शन से टिप्स लेकर सिल्क साड़ी ले सकती हैं। साड़ी एक ऐसा आउटफिट है, जिसको भारतीय महिलाएं पहनना काफी पसंद करती हैं। अगर किसी फंक्शन में जाने के लिए यह समझ नहीं आता है कि क्या पहनें, तो साड़ी एक बेहतरीन ऑप्शन है। फिर चाहे शादी–विवाह अटैंड करना हो या फिर ऑफिस की पार्टी हो, महिलाएं साड़ी पहनकर हर जगह जलवा बिखेर सकती हैं। वहीं अगर इस साल के फैशन ट्रेंड की बात करें, तो भले ही वक्त के साथ फैशन बदलता रहता है, लेकिन महिलाओं का साड़ी के प्रति प्यार कभी कम नहीं होता है। साड़ियों में अगर सिल्क साड़ी की बात की जाए, तो यह कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होती है। बॉलीवुड की हसीनाओं ने इस साल बड़े इवेंट्स में भी सिल्क की साड़ी पहनकर जलवा दिखाया। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सिल्क साड़ी के लेटेस्ट कलेक्शन के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप भी इन बॉलीवुड हसीनाओं के कलेक्शन से टिप्स ले सकती हैं। वैसे तो रेखा को एवरग्रीन एक्ट्रेस कहा जाता है। वह हर इवेंट में कांजीवरम या फिर सिल्क की साड़ी पहनकर पहुंचती है। बता दें कि साल 2024 की शुरूआत में ही रेखा हरे रंग की बेहद ही खूबसूरत सिल्क की साड़ी एक इवेंट में पहनकर पहुंची थीं। जिसमें वह काफी ज्यादा खूबसूरत लग रही थीं। शिल्पा शेट्टी अपने ग्लैमरस लुक और सेक्सी फिगर के चलते शिल्पा शेट्टी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। एक इवेंट में शिल्पा शेट्टी ने पीले रंग की साड़ी के साथ बैकलेस ब्लाउज कैरी किया था। इसके अलावा भी उन्होंने कई इवेंट्स में सिल्क की साड़ी पहनकर अपना जलवा बिखेरा।माधुरी दीक्षित बॉलीवुड की धक–धक गर्ल माधुरी दीक्षित अक्सर साड़ी पहनकर हर इवेंट्स में दिखाई देती हैं। एक इवेंट में वह स्काई डबल शेड की साड़ी में बला की खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने लुक को गोल्ड ज्वेलरी के साथ कंप्लीट किया था। कंगना रनौत बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ऑरेंज रंग की सिल्क की साड़ी में बेहद खूबसूरत दिख रहीं हैं। इस लुक में एक्ट्रेस ने अपने बालों में स्लीक स्टाइल का जूड़ा बनाया था। इसके साथ उन्होंने गले में हैवी चोकर पहना है। कंगना रनौत ने बालों में गजरा लगा रखा है, जो उनके लुक में चार चांद लगाने का काम कर रहा है।

# शुभांगी अत्रे को याद आए भाभीजी घर पर हैं में इस्तेमाल होने वाले हिंदी मुहावरे

विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर भाभीजी घर पर हैं की अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने बताया कि उन्हें शो की शूटिंग के दौरान आकर्षक हिंदी मुहावरे कहने का मौका मिला। साथ ही अभिनेत्री ने कहा कि आज के बच्चों को हिंदी भाषा सीखनी चाहिए और उसका आनंद लेना चाहिए। शुभांगी ने कहा, शूटिंग के दौरान मुझे कई मशहूर हिंदी मुहावरे सुनने को मिले, जिनका इस्तेमाल हम अक्सर अपनी रोजमर्रा की जिंदगी और शो के सीन के बीच में करते हैं। मुझे प्रसिद्ध हिंदी मुहावरा धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का याद है, जिसे मुझे एक दृश्य में विभूति (आसिफ शेख) पर इस्तेमाल करना था। हिंदी मुहावरों का अर्थ समझाते हुए अभिनेत्री ने कहा, एक अर्थ यह है कि जो व्यक्ति कभी एक जगह नहीं टिकता, वह सफल नहीं होगा। दूसरा यह है कि जो व्यक्ति हमेशा चलता रहता है, जिसकी जड़ें एक जगह नहीं होती, वह जिम्मेदारियों से बचता है।कस्तूरी फेम अभिनेत्री ने आगे कहा, हम अपने शो में रोजाना ऐसी कई कहावतों का इस्तेमाल करते हैं, जैसे बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद, जिसका मतलब है किसी ऐसे व्यक्ति को उपयोगी या मूल्यवान चीज देकर अपना समय बर्बाद करना है, जो इसकी सराहना या समझ नहीं करता है। सेट पर हम अक्सर ऐसी मजेदार कहावतों और मुहावरों का प्रयोग मजेदार मजाक के रूप में नियमित रूप से करते हैं।शुभांगी ने हिंदी को वास्तव में सीखने के लिए एक अद्भुत भाषा बताते हुए कहा, आज के बच्चों को इसे सीखना चाहिए और इसका आनंद लेना चाहिए, जैसे उन्हें अंग्रेजी बोलने में आनंद आता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो वह फिलहाल भाभीजी



घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार में नजर आ रही हैं। यह शो एंड टीवी पर प्रसारित होता है।

# आस्कर लाइब्रेरी की परमानेंट कोर कलेक्शन में शामिल मनोज बाजपेयी स्टारर जोराम का स्क्रीनप्ले

मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म जोरम के स्क्रीनप्ले को एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज की लाइब्रेरी ने इसके परमानेंट कोर कलेक्शन के लिए हासिल कर लिया है। एकेडमी अपने कोर कलेक्शन में स्क्रीनप्ले जोड़ता है जो रिसर्च के उद्देश्य से छात्रों, फिल्म निर्माताओं, लेखकों, अभिनेताओं और सिनेमा के क्षेत्र के अन्य लोगों के लिए सुलभ हैं। इन सालों में, इस कलेक्शन में साल 1910 से लेकर वर्तमान तक 11,000 से ज्यादा निर्मित फिल्मों की स्क्रिप्ट शामिल हो गई है। इस पर टिप्पणी



करते हुए, लेखक–निर्देशक देवाशीष मखीजा ने कहा, जोराम को बनाने के लिए प्रतिभाशाली लोगों की आवश्यकता पड़ी। हम यह देखकर रोमांचित हैं कि फिल्म के स्क्रीनप्लेस एकेडमी लाइब्रेरी के परमानेंट कोर कलेक्शन का हिस्सा बन गई है। ऐसे प्रतिष्ठित संस्थान से यह सम्मान दुर्लभ, बहुमूल्य और विनम्र है। एकेडमी को हमारा हार्दिक धन्यवाद। जोरम देवाशीष मखीजा द्वारा लिखित और निर्देशित है, और अनुपमा बोस और मखीजाफिल्म के सहयोग से जी स्टूडियो द्वारा निर्मित है।

## रकुल प्रीत ने बालीवुड में एक दशक पूरा होने का मनाया जश्न, 10 साल की कड़ी मेहनत को किया याद



2014 में रोमांटिक फिल्म यारियां से हिंदी फिल्म में डेब्यू करने वाली रकुल प्रीत सिंह ने बुधवार को बॉलीवुड में अपने 10 साल के सफर को याद किया और कहा कि वह आज जहां हैं, वहां पहुंचने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत, दृढ़ता और निरंतरता की जरूरत है।

2009 में कन्नड़ फिल्म गिल्ली से एक्टिंग की शुरुआत करने के बाद, रकुल प्रीत ने हिमांश कोहली के साथ यारियां से बॉलीवुड में डेब्यू करने से पहले केरातम, युवान, पुथगम जैसी फिल्मों में काम किया। दिव्या खोसला कुमार निर्देशित फिल्म में उन्होंने सलोनी का किरदार निभाया था। अब, फिल्म की नाटकीय रिलीज के 10 साल पूरे होने पर, रकुल ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म यारियां के कुछ क्लिप्स शेयर की, जहां उनके 23.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं। तस्वीरों के साथ, उन्होंने एक नोट भी लिखा, 10 साल पहले, जब मैंने पहली बार बॉलीवुड में कदम रखा था, तब मेरी आंखों में बड़े–बड़े सपने थे। आज मैं जहां हूं, वहां पहुंचने में मुझे एक दशक की कड़ी मेहनत, लगन और निरंतरता की जरूरत पड़ी। रनवे 34 की एक्ट्रेस ने साझा किया, हालांकि हासिल करने के लिए बहुत कुछ है, मैंने जो काम किया है, उसके लिए मेरे दिल में बहुत आभार है क्योंकि यह अभी भी मेरे यंग वर्जन के लिए एक सपने जैसा लगता है।


रकुल प्रीत ने अपने फैंस का आभार व्यक्त किया और कहा, मैं आप सभी को अपना प्यार देना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे मेरे सपनों को हासिल करने और उन्हें वास्तविकता में बदलने में मदद की।

उनकी अन्य हिंदी प्रोजेक्ट्स में अय्यारी, दे दे प्यार दे, मरजावां, डॉक्टर जी, थैंक गॉड, छत्रीवाली सहित कुछ अन्य शामिल हैं। उनकी अगली फिल्म अयलान, मेरी पत्नी का रीमेक और इंडियन 2 पाइपलाइन में हैं।

# रूपाली गांगुली ने अनुपमा के किरदारों का समर्थन किया, कहा– इंसान को नीचा दिखाना घृणित है

टीवी धारावाहिक अनुपमा में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने शो के अन्य पात्रों के प्रति सोशल मीडिया पर नफरत देखकर निराशा जताई है और कहा है कि किसी को ऐसे इंसान का अपमान नहीं करना चाहिए जो सिर्फ अपनी नौकरी कर रहा है।इस धारावाहिक में सुधांशु पांडे, मदालसा शर्मा और गौरव खन्ना प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जिसने हाल ही में पांच साल का लीप लिया है। साल 2020 में शो की शुरुआत के बाद से इसके प्रशंसकों की संख्या बहुत बड़ी है, मगर इसके कुछ पात्रों के बारे में इंटरनेट पर नफरत भरी टिप्पणियां देखी जा रही हैं।एक यूजर ने एक स्निपेट साझा किया और लिखा रू ये किस तरह के बच्चे हैं जो अपनी मां को इस तरह नजरअंदाज करते हैं? इस तरह के नापाक और हृदयहीन बच्चे अनुपमा को ही क्यों मिले हैं?एक अन्य प्रशंसक ने कहा, मुझे समझ नहीं आता कि एक बच्चा 5 साल बाद अपनी मां को देखकर इतना ठंडा कैसे हो सकता है।सोशल मीडिया पर ऐसी कई नफरत भरी टिप्पणियों को देखने पर रूपाली ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) का सहारा लिया और ट्वीट्स की एक श्रृंखला लिखी।

उन्होंने लिखा, प्तअनुपमा पर मौजूद हर कोई इस शो के किसी न किसी किरदार से जुड़ा है... एक किरदार या अभिनेता को पसंद करना आपको दूसरे किरदारों को नीचा दिखाने का अधिकार कैसे दे देता है? प्रत्येक अभिनेता अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है और प्रत्येक अभिनेता कहानी के लिए महत्वपूर्ण है!संजीवनी रू ए मेडिकल बून में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेत्री ने आगे कहा कि किसी को ऐसे इंसान का अपमान नहीं करना चाहिए, जो सिर्फ अपना काम कर रहा है।उन्होंने कहा, अपने पसंदीदा किरदार का समर्थन करना और उसकी आलोचना करना जो आपको पसंद नहीं है, समझ में आता है, लेकिन एक ऐसे इंसान की खिंचाई करना जो सिर्फ अपना काम कर रहा है, घृणित है, खासकर उन लोगों द्वारा जिनके पास अपनी डीपी पर अपनी तस्वीर लगाने की भी हिम्मत नहीं है। रूपाली ने प्रशंसकों से उनके शो को सकारात्मकता और प्यार भेजने का आग्रह किया। उन्होंने लिखा, सभी एफडी से अनुरोध है कि इस बारे में सोचें कि क्या हम इस स्थान को युद्ध क्षेत्र के बजाय एक खुशहाल क्षेत्र बना सकते हैं।रूपाली ने आगे लिखा, हर प्रशंसक के प्रत्येक एकल के प्रति उचित सम्मान के साथ मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि किसी भी चरित्र की आलोचना करते समय भी कृपा और गरिमा बनाए रखें! साराभाई वर्सेज साराभाई की अभिनेत्री ने कहा, अगर हो



सके तो सिर्फ कुछ दिन के लिए,शो की तरह देखिए, एसएम पर आकर नकारात्मक टिप्पणियां करने का माध्यम मत बनाइए।उन्होंने यह लिखकर समापन किया, हमारे शो अनुपमा से जुड़े हर प्रशंसक वर्ग के प्रत्येक सदस्य को ढेर सारा प्यार और रोशनी भेज रही हूं और इस प्यार के लिए बहुत–बहुत धन्यवाद। यह शो बांग्ला सीरीज श्रीमोयी पर आध ाारित है और स्टार प्लस पर प्रसारित होता है।

## समृद्धि शुक्ला ने ये रिश्ता क्या कहलाता है में भूमि त्रिवेदी के साथ स्टेज किया शेयर, एक्सपीरियंस का किया खुलासा



एक्ट्रेस समृद्धि शुक्ला ने मकर संक्रांति सेगमेंट के शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में बॉलीवुड सिंगर भूमि त्रिवेदी के साथ स्टेज साझा करने के अपने एक्सपीरियंस को साझा करते हुए इसे अद्भुत और अनोखा बताया है।ये रिश्ता क्या कहलाता है भारतीय टेलीविजन पर सबसे लंबे समय तक चलने वाला शो है, और शो की विरासत को समृद्धि (अभीरा) और शहजादा ध ाामी (अरमान) ने आगे बढ़ाया है। दर्शकों को एक घंटे का स्पेशल एपिसोड देखने को मिलेगा, जिसमें शो बातें कुछ अनकही सी से सायली सालुंखे (वंदना) और मोहित मलिक (कुणाल) भी शामिल होंगे।परिवार मकर संक्रांति उत्सव की तैयारी कर रहे हैं। शो में समृद्धि, शहजादा, सायली और मोहित मकर संक्रांति मनाते नजर आएंगे।भूमि, जो राम–लीला, रईस, जीरो जैसी फिल्मों में अपने गानों के लिए जानी जाती हैं, शो का मुख्य आकर्षण होंगी और उत्सव के लिए अपने लोकप्रिय ट्रैक प्रस्तुत करके मकर संक्रांति का जश्न मनाती नजर आएंगी।

उसी के बारे में बात करते हुए, समृद्धि ने कहा, भूमि त्रिवेदी के साथ स्टेज साझा करने का अनुभव अद्भुत और अनोखा था। वह काफी प्रोफेशनल है और यही वह बात है जिसकी मैं उनकी सबसे अधिक प्रशंसा करती हूं।उन्होंने कहा, मकर संक्रांति मेरे पसंदीदा त्योहारों में से एक है। शो बातें कुछ अनकही सी के साथ एक इंटीग्रेशन है जो दर्शकों को देखने को मिलेगा और एक बड़ा ड्रामा भी उनका इंतजार कर रहा है। यह स्पेशल एपिसोड 14 जनवरी को स्टार प्लस पर प्रसारित होगा।

# कृति, शाहिद की अगली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को होगी रिलीज



एक्टर शाहिद कपूर और कृति सेनन ने बुधवार को खुलासा किया कि उनकी आने वाली फिल्म का नाम तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया है और यह 9 फरवरी को रिलीज होगी। फिल्म के निर्माताओं ने टाइटल के साथ एक नया पोस्टर भी जारी किया, जिसमें शाहिद कपूर और कृति सेनन एक इंटीमेंट मोमेंट शेयर करते नजर आ रहे हैं। कृति ने इंस्टाग्राम पर पोस्टर साझा किया और लिखा, इस वैलेंटाइन डे, इम्पॉसिबल लव स्टोरी का एक्सपीरियंस करें। शाहिद ने वही पोस्टर शेयर किया और कृति जैसा ही कैप्शन दिया। ऐसा लगता है कि फिल्म का टाइटल सिंगर राघव के इसी नाम के गाने से लिया गया है क्योंकि मोशन पोस्टर के बैकग्राउंड में एक नया वर्जन चल रहा है। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की सफलता के बाद इस फिल्म में धर्मेंद्र भी हैं। अपकमिंग फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और आराधना साह ने किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान, ज्योति देशपांडे और लक्ष्मण उतेकर ने किया है।

## एनिमल एक्टर रश्मिका मंदाना के साथ सगाई की अफवाहों का खंडन किया

एनिमल एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ–साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में खबरें आई थीं कि एक्ट्रेस जल्द ही अपने कथित बॉयफ्रेंड और एक्टर विजय देवरकोंडा से सगाई करने वाली हैं। एनिमल एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ–साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में खबरें आई थीं कि एक्ट्रेस जल्द ही अपने कथित बॉयफ्रेंड और एक्टर विजय देवरकोंडा से सगाई करने वाली हैं। अब इस खबर



की सच्चाई सामने आ गई है। अब एक्टर की टीम ने उनकी सगाई की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है. आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक, टीम ने सगाई की खबरों को झूठा बताया है। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में खबर आई थी कि विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना जल्द ही सगाई करने वाले हैं। इसके अलावा, खबर में आगे कहा गया है कि वे अगले महीने यानी फरवरी के दूसरे हफ्ते में सगाई कर सकते हैं। हालाँकि, अभिनेताओं ने कभी भी मीडिया में अपने रिश्ते को स्वीकार नहीं किया है,

## रोहित राय ने रितिक रोशन को किया बर्थडे विश, कहा– जन्मदिन मुबारक हो डुग्गू



एक्टर रोहित रॉय ने काबिल के अपने को–स्टार ऋतिक रोशन को 50वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।रोमांटिक एक्शन थ्रिलर काबिल में यामी गौतम और रोहित के भाई रोनित रॉय भी हैं।रोहित ने इंस्टाग्राम पर बर्थडे बॉय ऋतिक के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें साझा की और शुभकामनाएं दी।उन्होंने नोट में लिखा, आपको प्यार भरा हग और हार्दिक बधाई भेज रहा हूं। इंडस्ट्री के सबसे अच्छे लोगों में से एक को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं... जन्मदिन मुबारक हो डुग्गू।रोहित को अब से पहले साइकोलॉजिकल थ्रिलर फॉरेंसिक में देखा गया था। उन्होंने रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 13 में भी हिस्सा लिया था। दूसरी ओर, ऋतिक फिलहाल एरियल एक्शन ड्रामा फाइटर की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म में दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी मुख्य भूमिका में हैं।

# सुरभि चंदना ने किया शादी करने का ऐलान, लान्ग टाइम बायफ्रेंड

टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने आखिरकार अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड और बिजनेसमैन करण शर्मा के साथ अपनी शादी की घोषणा कर दी है। उनकी शादी की अफवाहें काफी समय से चल रही हैं। लेकिन आखघ्रिकार इस जोड़े ने इस बारे में आधिकारिक घोषणा कर दी है। टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने आखिरकार अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड और बिजनेसमैन करण शर्मा के साथ अपनी शादी की घोषणा कर दी है। उनकी शादी की अफवाहें काफी समय से चल रही हैं। लेकिन आखघ्रिकार इस जोड़े ने इस बारे में आधिकारिक घोषणा कर दी है। बता दें, चंदना को स्टार प्लस के लंबे समय से चल रहे शो इश्कबाज और एकता कपूर के नागिन में उनके काम के लिए जाना जाता है।सुरभि 13 साल से करण को डेट कर रही हैं और जब वह पहली बार मुंबई आई थीं तब उनकी मुलाकात करण से हुई थी। तब से करण अपने संघर्ष और सफलता के दिनों से एक्ट्रेस का समर्थन कर रहे हैं। अब इस जोड़े ने अपने रिश्ते को बंधन में बांध कर आगे बढ़ाने का फैसला किया है। और उन्होंने अपनी शादी की घोषणा भी बड़े स्टाइल में की। जो लोग करण को जानते हैं, वे जानते होंगे कि वह बहुत बड़े डॉग प्रेमी हैं और सुरभि द्वारा साझा की गई तस्वीर में उन्हें करण के पालतू कुत्ते के बगल में बैठे देखा जा सकता है। इसके अलावा, उनके बगल में एक बोर्ड रखा हुआ है, जिस पर लिखा है, ष्मेरे इंसान शादी कर रहे हैं। अनजान लोगों के लिए, सुरभि चंदना इश्कबाज गैंग से शादी करने वाली आखिरी महिला हैं। शो में नकुल मेहता को शिवाय सिंह ओबेरॉय के रूप में, सुरभि चांदना को अनिका के रूप में, कुणाल जयसिंह को ओमकारा सिंह ओबेरॉय के रूप में, श्रेनु पारिख को गौरी कुमारी शर्मा के रूप में और मानसी श्रीवास्तव को भव्या सिंह ओमकारा के रूप में दिखाया गया है। शो के बाहर भी एक्टर्स ने अपनी दोस्ती बरकरार रखी है ।



# डुमरियागंज में आर,आर सी सेंटर का किया गया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर

जयेन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड डुमरियागंज के ग्राम पंचायत विथरिया में निर्माणाधीन एकीकृत ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धान केन्द्र–आर0आर0सी0 सेन्टर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय श्री अमित सिंह खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान एवं



अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें निरीक्षण के समय आर. आर.सी. सेन्टर का निर्माण कार्य पूर्ण पाया गया रंगाई पुताई कार्य प्रगति पर है जागरूकता एवं प्रचार–प्रसार हेतु निर्धारित प्रचार वाहन ई–रिक्शा का क्रय करने के निर्देश दिया गया ग्राम सचिव एवं खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निर्धारित एस.ओ.पी के अनुसार तत्काल आर0आर0सी0 सेन्टर का संचालन कराना सुनिश्चित करें।

# विकास खंड डुमरियागंज कार्यालय का किया गया निरीक्षण

मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा विकास खण्ड डुमरियागंज कार्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय अमित सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी–पंचायत सहित लेखाकार, वरिष्ठ सहायक, ए0पी0ओ0, कम्प्यूटर आपरेटर आदि उपस्थित पाये गये कार्यालय के सभी पटल पर अभिलेखों का रखरखाव एवम पत्रावली



का अवलोकन किया गया स्थापना पटल पर कर्मचारियों के सर्विस बुक, जी0पी0एफ0 पासबुक का अवलोकन किया गया जन शिकायत रजिस्टर, तहसील दिवस रजिस्टर एवं आर0टी0आई0 रजिस्टर का अवलोकन करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गये लेखा पटल का कार्य श्री राकेश सोनकर का द्वारा देखा जा रहा है ग्रांट रजिस्टर अपूर्ण पाया गया, जिसे पूर्ण करने के निर्देश दिया गया राज्य वित्त केंद्रीय वित्त से कराए गए निर्माण कार्य की पत्रावली में नोटशीट पर एवम एमबी पर जे.ई. व सभी के नाम पदनाम सहित मुहर लगने के निर्देश दिया गया। भुगतान के पूर्व सत्यापन कराने के निर्देश दिया गया मनेरगा सेल में निर्माण कार्य की पत्रावली का अवलोकन किया गया सीआईबी सहित पूर्ण कार्य का फोटो लगाने के निर्देश दिया गया मापन करने वाले कर्मचारियों एवं कार्य सत्यापित करने वाले अधिकारी का नाम एवं पदनाम सहित मुहर लगवाना के निर्देश दिये गये। मनरेगा सेल में समस्त अभिलेख रजिस्टर आदि पूर्ण करने के निर्देश दिया गया अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी निर्देशित किया गया कि महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत निर्धरित 8.4.9 के मानक एवम सभी पत्रावली में आवश्यक चेक लिस्ट के अनुसार अभिलेख संरक्षित किया जाय सहायक विकास अधिकारी, पंचायत कार्यालय में मास्टर रजिस्टर सभी सचिव के हस्ताक्षर कराने के निर्देश दिया गया रजिस्टर पूर्ण करने के निर्देश दिया गया बाल विकास परियोजना अधिकारी, डुमरियागंज कार्यालय में पुष्टाहार के स्टॉक एवं वितरण कार्य का निरीक्षण किया गया स

# स्वास्थ्य समिति एवं स्वास्थ्य विभाग की योजना से संबंधित समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन

ब्यूरो सिद्धार्थनगर

जिला स्वास्थ्य समिति (डी0एच0एस0) एवं स्वास्थ्य विभाग से संबधित योजनाओ की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर ने समस्त डीसीपीएमध्बैम से बजट की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने निर्देश दिया कि जिन बैम का कार्य ठीक नही है उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जो बीसीपीएमध बैम कार्य नही करते है उनका 15 दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया एमओआईसी डुमरियागंज को बैम डुमरियागंज की कार्य की प्रगति ठीक न पाये जाने पर नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया बीसीपीएम



डुमरियागंज 03 दिन इटवा में भी कार्य कर रहे है बैठक में अनुपस्थित होने तथा भुगतान की प्रगति ठीक न पाये जाने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरानी नौगढ़ के बैम को नोटिस देने का निर्देश दिया गया आकांक्षी विकास खण्ड खेसरहा की आवंटन के सापेक्ष 60 प्रतिशत व्यय होना चाहिए एमओआईसी नौगढ़ की प्रगति ठीक न पाये जाने पर नोटिस जारी करने का निर्देश दिया जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर ने एस0बी0 ट्रेनिंग आशा, ए.एन.एम. को प्रशिक्षण में आवंटित बजट से 31 जनवरी 2025 तक प्रशिक्षण का रोस्टर तैयार कर प्रशिक्षण कराने तथा उस पर व्यय करने का निर्देश दिया प्रशिक्षण का समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार कराने का निर्देश दिया जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने निर्देश दिया कि जनपद में 280 आशा दीदी का चयन होना है उसकी समस्त कार्यवाही 30 अक्टूबर तक पूर्ण कर आशा दीदी के चयन की कार्यवाही पूर्ण करे इसमें जिस एम.ओ.आई.सी. का लक्ष्य पूर्ण नही होगा उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी आशा दीदी का कोई भी पद खाली नही होना चाहिए अभी तक कोई भी डिलेवरी प्वांइट चिन्हित नही होने पर जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी आई.ई.सी. मद में आवंटित बजट को शत–प्रतिशत व्यय करने का निर्देश दिया कार्यक्रम वाइज आई0ई0सी0 मद का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने निर्देश देते हुए कहा कि समस्त एमओआईसी, बैम, बीसीपीएम, डीपीएम पर अपना नियंत्रण रखे। इनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा निरन्तर करे जिससे प्रगति ठीक रहे।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 ए0के0झा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी0के0चौधरी, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 संजय गुप्ता, डा0 प्रमोद, एसएमओ डब्ल्यूएचओ डॉ0 केटुल, बीएमसी यूनीसेफ रूपेश त्रिपाठी, डी0पी0एम0, डी0सी0पी0एम0, ड0मनीष सिंह, समस्त सीएचसीध्पीएचसी के एम0ओ0आईसी0, बीपीएम, बीसीपीएम आदि उपस्थित थे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया प्राथमिक विद्यालय का दौरा, मिली खामियां

ब्यूरो सिद्धार्थनगर

जयेन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड डुमरियागंज के ग्राम पंचायत तेनुहार में प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान शिक्षकगण एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति पंजिका को देखा गया निरीक्षण के समय मात्र 01 सहायक अध्यापक अनुपस्थित पाये गये प्रधानाध्यापक बताया गया कि आज छुट्टी पर है नामाकंन 100 के सापेक्ष कम बच्चें उपस्थित पाये गये प्रधानाध्यापक एवं अध्यापक को को निर्देशित किया गया कि बच्चो की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावक से वार्तालाप करें तथा नियमित रूप से ग्राम में भ्रमण करें विद्यालय में एम.डी.एम. में बनाया गया , परंतु सैंपल नहीं रखा गया है, चावल गेहूं एवं मसाला से गुणवत्ता चेक किया गया रसोइए द्वारा एप्रन एवम हेड कैप का प्रयोग करने के निर्देश दिया गया प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि जिन बच्चो के अभिभावक के खाते में ड्रेस, किताब, जूता मोजा आदि क्रय करने हेतु धनराशि प्रेषित किया गया है, ऐसे अभिभावको को जागरूक करते हुए क्रय कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया। निपुण के सम्बन्ध में शिक्षकगण से वार्तालाप किया गया। विद्यालय परिसर में महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन एम.डी.एम.



शेड का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें निरीक्षण के समय कंपोजिट विद्यालय परिसर के बच्चों के लिए भोजन के लिए एम.डी.एम शेड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है शेड के नींव का निर्माण कार्य कराया जा रहा है तकनीकी सहायक को निर्माण कार्य गुणवत्ता ढंग से करने के निर्देश दिया गया खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नियमित रुप से कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ।

# प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारीयो के लिए खेल बना सूचना का अधिकार

ब्यूरो सिद्धार्थनगर

सरकारी कार्यो में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार ने एक कानून और नियम बनाया जिससे कोई भी व्यक्ति सरकारी योजना द्वारा कराए जा रहे कार्यो के संबंध में जानकारी हासिल कर पारदर्शिता लाने का कार्य कर सके और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा सके लेकिन आज के दौर में जहाँ सूचना का अधिकार सही है तो तो कही कही इसका गलत प्रयोग भी किया जा रहा है कुछ लोग इसका प्रयोग कर भर्ष्टाचार पर अंकुश लगाने का कार्य कर रहे है वही कुछ लोग इसका प्रयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए कर रहे है वही बात सरकारी अधिकारियों और कर्मचारीयो की करे तो जिले के प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी सूचना का अधिकार को खेल समझ कर नजर अंदाज कर रहे अपीलार्थी द्वारा मांगी गई सूचना जन सूचना अधिकारियों द्वारा समय से न ही उपलब्ध करवाया जाता है और न ही सही सूचना दिया जाता है अगर कोई सूचना दिया भी जाये तो केवल गुमराह करने करने के लिए के कुछ जनसूचना अधिकारी शुल्क लेने के बाद भी सूचना देना जरूरी नही सझते वही बात प्रथम अपीलीय अधिकारी की करे तो प्रथम अपीलीय अधिकारी को तो जैसे अपने जिम्मेदारी के प्रति कोई जानकारी ही न हो अपीलार्थी द्वारा आवेदन करने पर भी कोई जवाब नही दिया जाता है ऐसे कई मामले जिले में लंबित है बात अगर उच्च अधिकारियों की करे तो किसी भी विकास खंड में निरीक्षण के दौरान सभी अभिलेखों को देखा जाता है लेकिन कमी नही मिलती।सूत्रों के अनुसार जिले के सभी विकास खंडों में ग्राम सचिव, सहायक विकास अधिकारी सूचना के अधिकार को खेल बनाये हुए है जिले के लोटन विकास खंड में एक सचिव ने अपीलार्थी से शुल्क लेने के बाद भी सूचना नही दी।विदित हो कि सरकारी कार्यो से संबंधित कोई भी भुगतान केवल फर्म में किये जाने का प्राविधान है लेकिन जिले के विकास खंडों में सचिव,सहायक विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारियों द्वारा नियम को ताक पर रखकर व्यक्तिगत भुगतान किया जा रहा है जो नियमतः गलत है लेकिन कोई भी इसकी जांच नही करता जिम्मेदारी के नाम पर केवल कागजी कोटा पूरा करने में जिला प्रशासन आगे है ऐसे कर्मचारीयो पर अंकुश कब लगेगा ये तो जिम्मेदार ही जाने लेकिन एक बात तय है कि भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में सरकारी कर्मचारी ही सहयोगी की भूमिका निभा रहे है।

# जिलाधिकारी ने किया रजवाहा नहर का मुआयना

ब्यूरो सिद्धार्थनगर

जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा चिल्हिया रजवाहा नहर के किमी. शून्य से 5.400 तक पुर्नस्थापना एवं सीमांकन कार्य एवं पुलिया के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा नहर की पटरी पर मिट्टी डालकर चौड़ाई बढ़ाये गये कार्य को देखा गया 2–2 मीटर का वाक्स बना है रेडियस 5.5 मीटर है 50 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है कल्वर्ट में हनी काम्बिंग पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी जिलाधिकारी ने पुल के प्रोजेक्ट कास्ट से 02 प्रतिशत की कटौती करने का निर्देश दिया गया जिलाधिकारी ने 31 दिसम्बर 2024 तक निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया।



# पत्रकार ज्ञानेंद्र मिश्रा को दी गई श्रद्धांजलि



ब्यूरो देवरिया

देवरिया। जनपद देवरिया के एक टीवी चौनल के पत्रकार ज्ञानेंद्र मिश्रा के आकस्मिक निधन पर मंगलवार को नगर के सुभाष चौक पर कैंडल जलाकर पत्रकार समाज ने मृतक पत्रकार के दिवंगत आत्मा के शांति लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। और पत्रकार समाज ने इसका गहरा शोकाकुल व्यक्त किया। वहीं पत्रकार उमाशंकर भट्ट ने कहा कि ज्ञानेंद्र मिश्रा का इस तरह से जाना काफी दुःखद है। इस समय मृतक पत्रकार के परिजनों के इस दुख की घड़ी में हम सभी साथ रहेंगे। वही पत्रकार लाल बाबू ने कहा कि ज्ञानेंद्र मिश्रा हम लोगों के बीच का साथी था और ज्ञानेंद्र मिश्रा की जगह शायद कोई नहीं ले पाएगा। वह एक जुझारू पत्रकार था। जो सभी के दुख सुख में खड़ा रहता था। इस मौके पर पत्रकार उमाशंकर भट्ट, बालेंदु मणि त्रिपाठी, लालबाबू गौतम, मनान अहमद, सोनू दुबे, संतोष विश्वकर्मा, रवि रावत, राकेश त्रिपाठी, अजरेश चौहान, रंजन कुमार, नीतीश चौहान, विवेक सिंह, मृत्युंजय प्रसाद, अंकित वर्मा,

मनोज शर्मा, रितेश पटेल, शत्रुघ्न पांडेय, असमुद्दीन अंसारी, अमित राजपाल, प्रदीप श्रीवास्तव, संदीप मणि, अफजल अंसारी, अमित शर्मा,घनश्याम मणि त्रिपाठी दर्जनों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## एएसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

चित्रकूट(आरएनएस)। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने मंगलवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों की ड्रिल देखी। शस्त्रों के संचालन की प्रक्रिया कराई। पुलिस लाइन का भ्रमण कर मैस, बैरिक, सीपीसी कैन्टीन, आरओआईपी, डायल 112, रेडियो कन्ट्रोल रूम, क्वार्टर गार्द, स्टोर रूम का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कर्मचारीगणों को अर्दली रुम किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि मौजूद रहे।

## आज शरदोत्सव का शुभारंभ, कलाकार बांधेंगें समां

चित्रकूट(आरएनएस)। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में एक बार फिर प्रसिद्ध कलाकार सुर लहरियां बिखेरेंगे। लोक कलाकारों के संगीत पर जब पांव थिरकेंगे तब नजारा बेहद रमणीय होगा। 16 से 18 अक्टूबर के बीच आयोजित होने वाले पारम्परिक एवं समकालीन कला की सांस्कृतिक संध्या शरदोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दीनदयाल शोध संस्थान कर रहा है। भारतरत्न नानाजी देशमुख के जन्मदिन पर शरदोत्सव का रंग इस बार अलग होगा। तीनों दिन के कार्यक्रम का आयोजन दीनदयाल परिसर में शाम सात बजे से होंगें।

## चार महिलाएं, एक युवती ने खाया जहर, भर्ती

चित्रकूट(आरएनएस)। अलग–अलग स्थानों मे परिवारिक कलह के चलते पांच महिलाओ समेत एक किशोर ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जब परिजनों को जानकारी हुई तो सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। जहां उपचार चल रहा है।बांदा जनपद के फतेगंज की रेखा देवी (27) पत्नी रामबहोरी, रैपुरा थाना क्षेत्र के बसिला गांव निवासी पुष्पराज (17) पुत्र दुर्गा प्रशाद, कोतवाली क्षेत्र के कुंजन पुरवा निवासी सुमित्रा (25) पत्नी शैलेन्द्र, चला तो उन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

## सड़क हादसे में दो घायल

चित्रकूट। सड़क दुर्घटना मे दो लोग घायल हो गये। कोतवाली क्षेत्र के खोह गांव निवासी प्रेमशंकर (45) पुत्र टेनी व दर्शन (38) पुत्र भूरा बीती शाम सड़क दुर्घटना मे घायल हो गये। जिन्हे उपचार के जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

## सड़क किनारे खंती में गिरी बाइक, किशोर की मौत -दो लोग घायल

चित्रकूट(आरएनएस)। सरधुआ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोपा के मजरा सिकरी मे ममेरे भाई के साथ दो सगे भाई बाइक से भदेहदू गांव निमंत्रण पर जा रहे थे। अचानक बाइक अनियंत्रित हो जाने से खंती में जा गिरी। इससे मौके पर ही एक की मौत हो गई है। जबकि दो लोग घायल हो गए हैं। सोमवार की रात करीब नौ बजे ग्राम पंचायत पनौटी निवासी राज वर्मा (14) पुत्र शिवदास, छोटे भाई अनुज (12) अपने ममेरे भाई आशीष (19) पुत्र लवलेश के साथ बाइक से भदेहदू निमंत्रण पर जा रहे थे। बाइक अनियंत्रित हो जाने से खंती में गिर गई। जिससे राज वर्मा की मौके पर मौत हो गई। आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया। अनुज को मामूली चोटे आई हैं। मृतक राज वर्मा के दादा अर्जुन ने बताया कि तीनों लोग बाइक से भदेहदू निमंत्रण जा रहे थे।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

चित्रकूट। कर्वी कोतवाली क्षेत्र के चकौंध गांव निवासी शिवपूजन (35) पुत्र छोटा बाइक से निमंत्रण पर जा रहा था। जमहिल गांव के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

## दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

चित्रकूट(आरएनएस)। महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी ने बताया कि 10 अक्टूबर को पीड़िता ने थाने में सूचना दिया कि राजेश प्रसाद पुत्र रामराज निवासी अमवा बक्टा खुर्द करीब एक वर्ष पहले उसके साथ दुष्कर्म किया था।

# मानिकपुर कल्याण केन्द्र का किया निरीक्षण

चित्रकूट(आरएनएस)। दीनदयाल शोध संस्थान एवं राजस्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड मानिकपुर की ग्राम पंचायत करौंहा के उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में राजस्व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।मंगलवार को ब्लाक मानिकपुर के ग्राम करौंहा में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम शिवशरणप्पा जीएन, जिला संयुक्त चिकित्सालय की चिकित्साधिकारी डॉ तनुसा टीआर, दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव अतुल जैन, संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष बसंत पंडित ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व भारतरत्न नानाजी देशमुख के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर डीएम ने कहा कि पात्रता की सूची के आधार पर लाभार्थियों का नाम संबंधित अधिकारी जोड़ें। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं। स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए कपड़े, जूते, मोजे आदि क्रय करने को डीबीटी के माध्यम से शासन धनराशि भेजती है। जिसका सदुपयोग करें। शिविर में पेंशन, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, किसानों की समस्या निदान, निवास, जाति, आय प्रमाण पत्र आदि के स्टाल लगाए गए। हैं। प्रधान सचिव अतुल जैन ने कहां कि गांव की साझेदारी व भागीदारी से योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। चिकित्साधिकारी डॉ तनुसा टीआर ने किशोरियों से कहा कि किशोरावस्था में शारीरिक व मानसिक परिवर्तन होता है। ऐसे में अपनी मां, बहन को दोस्त बनाना बहुत जरूरी है। ताकि जो समस्याएं हो तो उसको उनसे बता सके। उन्होंने कहा कि हीमोग्लोबिन अगर कम है तो उसमें संतुलित आहार लेना चाहिए। संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि पाठा क्षेत्र दीनदयाल शोध संस्थान व राजस्व विभाग के द्वारा राजस्व शिविर का आयोजन किया गया है। नानाजी ने ग्रामों में स्वावलंबन का अभियान चलाया है। कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के लिए संस्थान के साथ ही प्रशासन संवेदनशील है।इसके बाद डीएम, संस्थान के पदाधिकारियों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य कुंजबिहारी तिवारी एवं शिक्षक खेमराज सिंह को स्मार्ट क्लास में बच्चों को अच्छा प्रदर्शन कराने में सम्मानित किया। डीएम ने जनमानस की समस्याएं सुनकर निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। तत्पश्चात मानिकपुर कल्याण केंद्र का निरीक्षण किया। केन्द्र के सत्येंद्र मिश्रा ने बताया कि आदिवासी 35 बालक व 25 बालिकाएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, कमलेश कुमार मिश्रा, विनोद कुमार मिश्रा, एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा सहित अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## गिरफ्तारी न होने से सुलह का दबाव बना रहे आरोपी

चित्रकूट(आरएनएस)। कोतवाली कर्वी क्षेत्र के बांधोइन गांव के मजरा केवटापुरवा बड़ीतीर निवासी शंकर लाल पुत्र स्व. बद्री प्रशाद ने मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंच दिये शिकायती पत्र मे कहा कि उसका पुत्र छेदीलाल 11 जुलाई को भैरोंपागा मोहल्ले से निमंत्रण के बाद घर लौट रहा था। तभी उसे पांच अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रोक कर उसके साथ मारपीट कर उसे जबरदस्ती शराब पिला दी। उसके साथ लूटपाट कर बेहोसी दशा मे रेलवे ट्रेक मे रख दिया। जिससे ट्रेन की टक्कर पीड़ित के पुत्र के बाया हांथ कट गया। पीड़ित को पुलिस द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। पीड़ित द्वारा घटना की रिपोर्ट कोतवाली मे दर्ज कराई पर पुलिस द्वारा बिवेचना मे आरोपियों के नाम प्रकाश मे लाने के बाद भी आज तक उनकी गिरफ्तारी नही की गई।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।